卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 348 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦30 सितम्बर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## सरकार के खिलाफ निकाली जनाक्रोश रैली

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ हजारों कांग्रेसियों ने सोमवार को जनाक्रोश रैली जमकर नोंक झोंक हुयी। प्रदेश में बिगड़ी कानून व्यवस्था,भ्रष्टाचार,महंगाई, रोजगार, अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम समेत कई प्रतिपक्ष यशपाल आर्य समेत कई दिग्गज नेताओं की अगुवाई में जनाक्रोश रैली एमबी इंटर कॉलेज के मैदान से शुरू हुई बैरिकेडिंग कर रैली को रोक लिया । इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग पर चढ़कर उसे





निकालकर जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय कूच किया। कांग्रेसियों को पुलिस ने कैंप कार्यालय से पहले ही रोक लिया। इस दौरान पुलिस के साथ कांग्रेस नेताओं की स्थानीय मुद्दों को लेकर कांग्रेस की जनाक्रोश रैली में सोमवार को भरी संख्या में कार्यकर्ताओं का सैलाब उमड़ पड़ा। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता जो नैनीताल रोड होते हुए जिलाधिकारी के कैंप कार्यालय तक पहुंची। लेकिन जिलाधिकारी के कैंप कार्यालय से लगभग 200 मीटर पहले पुलिस ने पार कर लिया और जिलाधिकारी कार्यालय तक पहुंचाने ने सफल रहे।इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस (शेष पृष्ठ सात पर)

## हादसे में व्यापारी नेता के भाई समेत दो की मौत

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। खटीमा नेशनल हाईवे पर रविवार रात तेज रफ्तार कार की टक्कर से व्यापार मण्डल के महामंत्री के भाई समेत दो युवकों की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार व्यापार मण्डल के महामंत्री मन्नु चौहान का छोटा भाई सन्नी चौहान पुत्र सुरेश चौहान निवासी वार्ड न0 7 कुसुम विहार कालौनी नानकमत्ता किसी कार्य से अपने साथी सर्वेश कुमार पुत्र कालीचरण निवासी-भिढोरा थाना न्युरिया के साथ बाईक यूके 06 ए0 ई 9372 से सिसईखेड़ जा रहें थे , जैसे ही वह सत्संग घर के पास खटीमा नेशनल हाईवे पर पहुंचे तभी सितारगंज की और से आ रही कार संख्या यूके 06एडी 0569 ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससें बाईक सवार दोनों युवक कार की टक्कर से सड़क किनारें गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की सूचना मौके पर पहुंची 112 ने 108 की मदद से दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टरों (शेष पृष्ठ सात पर)



## स्पा सेंटर में देह व्यापार का भंडाफोड़,चार गिरफ्तार

देहरादून (उद संवाददाता)।पुलिस ने चेकिंग के दौरान स्पा सेंटर पर चल रहे देह व्यापार का भंडाफोड़ किया है। सेंटर से एक महिला समेत चार लोगों को टीम ने गिरफ्तार कर लिया। जबकि पांच पीड़िताओं को मुक्त कराया गया है। चेकिंग अभियान के दौरान खामियां मिलने पर कई स्पा सेंटरों के चालान भी काटे गये। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि पुलिस ने शहर के 70 स्पा सेंटरों पर छापे की कार्रवाई की। पूर्व में दिए गए दिशा निर्देशों के संबंध में उनके दस्तावेज आदि चेक किए गये। इस दौरान सीसीटीवी कैमरे, आने आने वाले ग्राहकों का विवरण और कर्मचारियों के सत्यापन के संबंध में भी पूछताछ की गई। इस कार्रवाई में पुलिस एक्ट में 29 चालान किए गए, जिनसें 10 हजार रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया। कुल 26 स्पा सेंटरों का पुलिस एक्ट में चालान भी किया गया।इस कार्रवाई में पटेलनगर मंडी क्षेत्र के पास लाइन वुड स्पा सेंटर में भी छापा मारा गया। यहां तीन पुरुष और तीन महिलाएं आपत्तिजनक हालत में मिले। इसके बाद स्पा संचालिका समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ अनैतिक देह व्यापार (शेष पृष्ठ सात पर)

## एसएसपी ने देर रात दो चौकियों का किया निरीक्षण

रूद्रपुर ।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने देर रात जनपद की दो चौकियों का निरीक्षण कर पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान पुलिस कर्मियों में हड़कम्प मचा रहा। जनपद की कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के अभियान में जोर शोर से जुटे एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने रविवार रात करीब साढे 12 बजे बगवाड़ा चौकी पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और दिशा निर्देश दिये। इसके पश्चात उन्होने रात्रि करीब 1:30 बजे सिडकुल सितारगंज पुलिस चौकी पहुंचकर पहुंचकर आकस्मिक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान पुलिस कर्मियों में



हड़कम्प मचा रहा। इस दौरान एसएसपी ने अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए हुए कहा कि कार्यो के प्रति लापरवाही बिल्कुल भी बर्दास्त नही की जाएगी ।एसएसपी ने चौकी इंचार्ज को संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग और वाहनों की चेकिंग,रात्रि गश्त व पिकेट को प्रभावी बनाने,चौकी परिसर में साफ सफाई रखने, लंबित विवेचनाओं के त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया।

## नशीले पदार्थ बेचने का विरोध करने पर किया हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। घर के पास अवैध नशे का सामान बेचने का विरोध करने पर दो नशा कारोबारियों ने एक व्यक्ति पर हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आजादनगर वार्ड नं. सात ट्रांजिट कैम्प निवासी सारगजीत नाथ्ज्ञ पुत्र सुकुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 28 सितम्बर की शाम 5 उसके घर के पास में सुभाष और विकास नशीले (शेष पृष्ठ सात पर)

## संदिग्ध हलातों में किशोरी लापता

रूद्रपुर। संदिग्ध परिस्थितियों में एक किशोरी लापता हो गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुमशुगदी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। ट्रांजिट कैंप वार्ड नं.11 संजय नगर निवासी शंकर जोद्दार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री कामना जोद्दार 27 सितम्बर को शाम के लगभग 4 बजे अपनी सहेली के साच कहीं घूमने जाने को कहकर गयी थी। जिसके बाद वह घर नहीं लौटी कई जगह तलाश की गयी लेकिन कोई पता नहीं चला। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## वारंटी के पते पर निकला कोई और

### गैर जमानती वारंट के मामले में उलझी वन विभाग की टीम

सितारगंज (उद संवाददाता)। रामनगर डिवीजन से गैर जमानती वारंट लेकर नगर में पहुंची वन विभाग की टीम ने युवक को हिरासत में ले लिया। युवक तस्करी के मामले में निरुद्ध बताया गया। जबकि युवक के परिजनों और आसपास के लोगों ने वन तस्करी के मामले में युवक के शामिल नहीं होने का आरोप लगाया हैं। जिसको लेकर कोतवाली में वन विभाग की टीम और शहर के लोगों के बीच काफी बहस हुई। रामनगर के फतेहपुर वन रेंज से घर जमानती वारंट लेकर पहुंचे सीजी गोस्वामी ने पुरानी मंडी से एक युवक को हिरासत में ले लिया। गैर जमानती वारंट के कागज पर युवक का नाम पता तस्दीक था। लेकिन वन विभाग की टीम ने जिस युवक को हिरासत में लिया। उसके पक्ष में आसपास के लोग कोतवाली में एकत्र हो गए। युवक दावा करता रहा कि गैर जमानती वारंट और तस्करी के मामले से उसका कोई लेना-देना नहीं है। इसके बाद वन विभाग के दरोगा ने युवक को खुद की बात रखने के लिए अदालत में जाने की सलाह दी। वन दरोगा ने बताया कि वर्ष (शेष पृष्ठ सात पर)



## महिला को सरेआम बेरहमी से पीटा,वीडिया वायरल

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। रम्पुरा बस्ती में कुछ युवकों ने सरेआम महिला को बेरहमी से पीट दिया। घटना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घायल महिला ने पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्यवाही की मांग की है। रम्पुरा के वार्ड नंबर 23 निवासी पूजा ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि उसकी देवरानी पिंकी जिसका झगड़ा आपस में प्राथिनी की सास व ससुर हो रहा था। जिसके बाद उसके सुसराल वालों ने 28.09. 2024की रात चौकी रम्पुरा में तहरीर दी थी। पूजा ने बताया कि (शेष पृष्ठ सात पर)



## 'जन भावनाओं' के साथ खड़ी हुई 'धामी सरकार'

### भू-कानून बनाने के लिए गठित प्रारूप समिति को काम में तेजी लाने के सीएम ने दिए निर्देश, सूबे के चार जिलों में पिछले दिनों हुए भूमि खरीद फरोख्त की होगी विस्तृत पड़ताल,जांच में 250 वर्ग मीटर से अधिक भूमि खरीदी तथा 12.50 एकड़ भूमि खरीद के दुरुपयोग को भी किया जाएगा शामिल,नियम विरुद्ध खरीदी गई जमीन को घोषित किया जाएगा सरकारी

-अर्श-

देहरादून । उत्तराखंड में हर तरफ उठ रही सख्त भू कानून की मांग एवं सख्त भू कानून के समर्थन में सूबे के कोने-कोने में हो रहे प्रदर्शन का प्रभाव ,अब राज्य की पुष्कर सिंह धामी सरकार पर साफ नजर आने लगा है और धामी सरकार सख्त भू कानून के मसले जन भावनाओं के साथ खड़ी नजर आने की कोशिश में जुट गई है। दरअसल सियासत के चतुर खिलाड़ी सीएम धामी ,उत्तराखंड में भू कानून के समर्थन में चौतरफा उठ रहे जन ज्वार को देख यह तुरंत भांप गए कि इस मसले पर सरकार की तठस्तता अथवा चुप्पी, सूबे में आसन्न निकाय एवं पंचायत चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की संभावनाओं पर प्रतिकूल असर डाल सकती है। लिहाजा इस मसले पर तनिक भी विलंब ना करते हुए ,अगले बजट सत्र में बृहद भू कानून लाए जाने के ऐलान के बाद, अब राज्य के मुख्यमंत्री ने हाल ही में उत्तराखंड में नियम विरुद्ध खरीदी गई जमीन की जांच पड़ताल की मुहिम भी छेड़ दी है ,ताकि जनता के बीच यह संदेश दिया जा सके कि राज्य की भाजपा सरकार सख्त भूमि कानून की उतनी ही पक्षधर है जितना कि राज्य की आम जनता। इस क्रम में सीएम धामी ने उत्तराखंड के राजस्व सचिव एस एन पांडे से अल्मोड़ा, नैनीताल, टिहरी एवं पौड़ी जिले में बाहरी लोगों द्वारा भूमि खरीद-फरोख्त की व्यापक जांच पड़ताल कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है ।राजस्व सचिव को यह भी पता लगाना होगा कि इन जिलों में राज्य से बाहर के कितने लोगों ने 250 वर्ग मीटर की सीमा से अधिक भूमि खरीदी है ।जांच में यदि पाया गया कि एक ही परिवार के अनेक सदस्यों द्वारा नियमों के विरुद्ध भूमि की खरीदी की गई है ,तो ऐसी जमीन को सरकार मे निहित करने की प्रक्रिया आरंभ की जाएगी ।सीएम ने राजस्व सचिव को उन लोगों को की भी जांच करने के निर्देश दिए हैं ,जिन्होंने निवेश के नाम पर 12.50 एकड़ भूमि खरीद तो ली लेकिन उसका उपयोग दूसरे उद्देश्यों के लिए किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा राजस्व सचिव से 12.5 एकड़ से अधिक जमीन के दुरुपयोग का विस्तृत लेखा-जोखा तलब किया गया है। बताना होगा कि सरकार को निवेश के नाम पर भूमि खरीदी की छूट के दुरुपयोग की शिकायतें काफी समय से प्राप्त हो रही थी, इसलिए मुख्यमंत्री ने राजस्व सचिव को इस मसले पर व्यापक पड़ताल करने के साथ-साथ भूमि बंदोबस्त और चकबंदी के अभियान में भी तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि सीएम ने गुजरे शुक्रवार को ऐलान किया था कि अगले बजट सत्र में बृहद एवं सख्त भू कानून लाने संबंधी विधेयक विधानसभा के पटल पर रखा जाएगा। सीएम के ऐलान के बाद राज्य के विभिन्न स्थान से भूमि खरीद में नियमों के उल्लंघन की (शेष पृष्ठ सात पर)



# क्या उत्तराखंड में 9 नवंबर तक यूसीसी लागू होगा ?

## सीएम धामी दे चुके हैं 9 नवम्बर 2024 की डेटलाईन प्रावधानों का मूल्याकन करने में जुटी विशेषज्ञ कमेटी

देहरादून(उद ब्यूरो)। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता कब लागू होगा इस पर अभी तक संशय बना हुआ है। इतना ही नहीं यूसीसी लागू करने की डेटलाईन कई बार आगे बढ़ाई जा चुकी है। अब एक बार फिर लंबी कार्यवाही चलने के बावजूद यूसीसी कमेटी के सदस्यों ने उसे अंतिम रूप नहीं दिया है। यूसीसी एक्ट को लेकर भले की धामी सरकार का रूख सकारात्मक रहा है परंतु इसे धारातल पर उतारने के लिए अब भी कानून के प्रावधानों की रूपरेखा पाईपलाईन से बाहर नहीं निकल पाई है। बहरहाल आगामी 9 नवम्बर की डेटलाईन देने के बाद सीएम धामी के इस मास्टरस्टोक पर अब विपक्ष भी तंज करने लगा है कि आखिर लोगों को यूसीसी का ऐतिहासिक एक्ट कब तक लागू होगा। साथ ही समाज में उसका कितना प्रभाव दिखेगा। सरकार ने पहले दावा किया था कि उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस 9 नवंबर के दिन ही समान नागरिक संहिता उत्तराखंड लागू कर दिया जाएगा। लेकिन फिलहाल ऐसा होना मुश्किल नजर आ रहा है। प्रदेश में यूसीसी लागू करने लिए लंबे समय से काम चल रहा है । कुछ समय पहले सरकार ने दावा किया था कि उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस 9 नवंबर के दिन ही समान नागरिक संहिता उत्तराखंड लागू कर दिया जाएगा। लेकिन हाल ही में जब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से यूसीसी लागू करने को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने सौम्य भाव से कहा कि सरकार ने पहले



उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस नौ नवंबर को यूसीसी लागू करने की तिथि तय की थी। लेकिन इस पर काम करने वाले जो लोग हैं जिनमें शत्रुघ्न सिंह जो कमेटी के अध्यक्ष है उसके अलावा कई अधिकारी भी इस कमेटी के सदस्य है। सभी लोग प्रयास कर रहे हैं। जो सभी प्रावधानों का मूल्यांकन कर रहे है। उम्मीद है कि जल्दी से जल्दी यूसीसी को लागू कर दिया जाए। मुख्यमंत्री के इस बयान के बाद कांग्रेस सरकार पर फिर हमलावर हो गई है। कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष मथुरा दत्त जोशी का कहना है कि यूसीसी के मामले में सरकार ओर मुख्यमंत्री गुमराह कर रहे हैं। यूसीसी भारतीय जनता पार्टी का राजनीतिक मुद्दा है और केवल इस मुद्दे को जिंदा रखने के लिए ,सामाजिक ध्रुवीकरण करने के लिए, लोगों को बांटने के लिए बार-बार यूसीसी का नाम ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की कोई मंशा नहीं है कि वो यूसीसी लागू करें। हमारा आरोप है कि सरकार देवभूमि उत्तराखंड का माहौल खराब करने ओर यहां की भोली-भाली जनता को गुमराह करने का काम कर रही है। दूसरी ओर भाजपा कांग्रेस के सवाल उठाने पर तंज कस रही है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विनोद सुयाल का कहना है कि कांग्रेस साठ साल तक सिर्फ धर्मशाला चलाती रही उन्होंने राजनीति नहीं की। सुयाल ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने देश के अंदर सिर्फ तुष्टिकरण की राजनीति की, वोट बैंक की राजनीति की, अपने स्वार्थ के लिए जिस तरीके से देश का इस्तेमाल किया वो सब जानते हैं इसीलिए कांग्रेस हमको न सिखाए। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि हम राजनीतिक कारणों से ये कर रहे हैं बल्कि हम देश की आवश्यकता के अनुसार इस कानून को बना रहे हैं ।

# खेल महाकुंभः खिलाड़ियों को मिलेगा एक लाख का नगद इनाम, जिलाधिकारियों को भी मिलेगी ट्रॉफी

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में चार अक्तूबर से शुरू होने जा रहे खेल महाकुंभ में जो खिलाड़ी राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ेंगे, उन्हें एक लाख रुपये का नकद इनाम दिया जाएगा। इसके साथ ही जिला स्तर पर खिलाड़ियों और जिलाधिकारियों को प्रोत्साहन देने के लिए मुख्यमंत्री ट्रॉफी देने की नई शुरुआत की जा रही है। खेल महाकुंभ में हर साल जिस जिले को सबसे ज्यादा पदक मिलेंगे, उसके जिलाधिकारी (डीएम) को मुख्य ट्रॉफी से नवाजा जाएगा। खेलों की तैयारियों के संबंध में युवा कल्याण एवं खेल मंत्री रेखा आर्या ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। मंत्री आर्या ने बताया कि खेल महाकुंभ का आगाज अल्मोड़ा से होने जा रहा है। प्रतियोगिताओं में 14 से 23 वर्ष के



खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। महाकुंभ में उत्तराखंड बोर्ड के विद्यालयों समेत प्रदेश के छात्र प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। वर्चुअल बैठक में सभी जिलों के जिलाधिकारियों के अलावा विशेष प्रमुख सचिव अमित सिन्हा, खेल निदेशक जितेंद्र कुमार सोनकर, अपर निदेशक अजय कुमार अग्रवाल, संयुक्त निदेशक शक्ति सिंह समेत युवा कल्याण एवं खेल विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। खेल महाकुंभ का आयोजन 4 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक न्याय पंचायत स्तर पर और इसके बाद 16 नवंबर से 10 दिसंबरविकासखंड से जनपद और अंत में राज्य स्तर पर 15 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। इस खेल महाकुंभ में प्रदेश के 23 वर्ष तक के बच्चे भाग लें सकेंगे और ये राज्य में तैयार हो रही खेलों की अगली पीढ़ी के लिए एक शानदार अवसर होगा। इस खेल महाकुंभ में प्रदेश के सभी स्कूल भी भाग ले सकेंगे। खेल मंत्री श्रीमती रेखा आर्य ने कहा कि खिलाड़ियों के लिए सुनहरा अवसरखेल महाकुंभ प्रदेश के खिलाड़ियों के लिए अपना हुनर दिखाने का बड़ा अवसर है। यह हमारे मुख्यमंत्री उदयीमान और मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना के लाभार्थी खिलाड़ियों के लिए भी सुनहरा अवसर है। इससे न केवल खिलाड़ियों का आर्थिक विकास होगा बल्कि उनकी खेल क्षमताएं भी निखरेंगी और भविष्य उज्वल बनेगा।

# सीएम ने किया गढ़ भोज दिवस मनाने का आह्वान

देहरादून। राज्य आंदोलन का सूत्र वाक्य रहा कोदा, झंगौरा, खाएंगे उत्तराखंड बनाएंगे, नारे को साकार करने के लिए द्वारिका प्रसाद सेमवाल के नेतृत्व में वर्ष 2000 से गढ़भोज अभियान शुरू किया गया था। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सात अक्तूबर को गढ़भोज दिवस के लिए वीडियो संदेश जारी किया, जिसके माध्यम से राज्य के स्कूलों, कॉलेज, विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज, अस्पताल, होटल, रेस्टोरेंट, स्वैच्छिक संगठनों, स्वयं सहायता समूह के साथ देश-विदेश में रहने वाले प्रवासी एवं दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में भोजन के कारोबार, सेवा के कार्यों से जुड़े उत्तराखंडियों से गढ़ भोज दिवस मनाने का आह्वान किया है। बता दें कि राज्य बनने के बाद राज्य आंदोलन का सूत्र वाक्य रहा कोदा, झंगौरा, खाएंगे उत्तराखंड बनाएंगे, नारे को साकार करने के लिए द्वारिका प्रसाद सेमवाल के नेतृत्व में वर्ष 2000 से गढ़भोज अभियान शुरू किया गया। अभियान ने उत्तराखंड के परंपरागत भोजन को थाली और आर्थिकी का माध्यम बनाकर मुख्यधारा से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया। गढ़भोज दिवस की शुरुआत हिमालय पर्यावरण जड़ी बूटी एग्रो संस्थान जाड़ी की ओर से 7 अक्तूबर को प्रति वर्ष मनाने की गई। वर्ष 2023 में गढ़ भोज दिवस उत्तराखंड और देश के 7 अन्य राज्यों के साथ विदेशों में 15 हजार स्थानों में 20 लाख छात्रों व आमजन ने भाग लिया। इस वर्ष गढ़भोज दिवस का विषय गढ़भोज से निरोगी काया पर आधारित है।

# तीन साल के मासूम को उठाकर ले गया गुलदार, झाड़ियों में मिला शव

टिहरी। टिहरी में ग्राम पंचयात पूर्वाल में घर के आंगन में खेल रहे तीन साल के मासूम बच्चे को गुलदार उठा कर ले गया और अपना निवाला बना लिया। ग्रामीणों की काफी खोजबीन के बाद मासूम का शव 100 मीटर दूर झाड़ियों से बरामद हुआ। ग्राम प्रधान संजय तिवारी ने बताया की राज(03) अपने भाई बहनों के साथ आंगन में खेल रहा था। वह खेलते-खेलते घर के पीछे चला गया। तभी घात लगाए बैठे गुलदार ने उसपर हमला कर दिया और उसे उठाकर ले गया। उसकी मां ने जब काफी देर खोजबीन की तो मासूम का पता नहीं चला,जिसके बाद आसपास के लोग वहां आ गए। लोगों ने देखा कि घर के पीछे के रास्ते में खून के धब्बे थे। जिसके बाद डान गेरा तोक में झाड़ियों में बच्चे का शव मिला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। रेंजर आशीष नौटियाल ने बताया की वन विभाग की टीम मोके पर पौहंच गई। जांच की जा रही है।

## महिला पर गुलदार ने किया हमला, अस्पताल में किया भर्ती

श्रीनगर। पौड़ी तहसील चौकीसैंण के ग्राम मरखोला की एक महिला पर



गुलदार ने हमला कर दिया। महिला के गाल, हाथ व कंधे पर गुलदार ने नाखून के निशान मारे हैं। महिला के शोर मचाने पर गुलदार भागा। ग्रामीणों ने अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चाकीसैंण में घायल महिला को भर्ती कराया है। उपचार के बाद महिला को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। नायब तहसीलदार पूरण प्रकाश सिंह रावत ने बताया मरखोला गांव की दीपा देवी पत्नी कमल सिंह गांव के समीप जंगल में घास लेने गई थी। जहां बीते कल शाम गुलदार ने उन पर हमला कर दिया। कहा कि वन विभाग को क्षेत्र में नियमित ग्रश्त किए जाने और ग्रामीणों को जागरुकता बढ़ाए जाने के निर्देश दे दिए गए हैं।

# मनीष सिसौदिया ने किए घोड़ाखाल गोल्ज्यू मंदिर और कैंची धाम के दर्शन

## दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया काकड़ीघाट भी पहुंचे

नैनीताल।दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने रविवार को कैंची धाम पहुंचकर बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। कैंची धाम में आधे घंटे तक समय बिताने के बाद सिसोदिया काकड़ीघाट के लिए रवाना हो गए। इससे पूर्व उन्होंने घोड़ाखाल गोल्ज्यू मंदिर में भी पूजा-अर्चना की। प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप दुम्का ने बताया कि पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया अपने निजी कार्यक्रम के तहत घोड़ाखाल गोल्ज्यू मंदिर और कैंची धाम पहुंचे थे। बाद में उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की। हालांकि इस दौरान उन्होंने मीडिया से दूरी बनाए रखी। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष एसएस कलेर, जिलाध्यक्ष गिरीश



सत्यवली आदि थे। कुछ दिन पूर्व जेल से रिहा होने के बाद दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया उत्तराखंड भ्रमण पहुंचे। यहां उन्होंने अल्मोड़ा काकड़ीघाट पहुंचकर कर्कटेश्वर महादेव मंदिर के दर्शन किए। उन्होंने कोसी नदी के किनारे शिला पर बैठकर काफी देर तक मछलियों को दाना खिलाया। बाद में उन्होंने ध्यान केंद्र में भी कुछ समय बिताया। मनीष सिसोदिया ने विवेकानंद सेवा समिति के अध्यक्ष हरीश सिंह परिहार से काकड़ीघाट के इतिहास की जानकारी जुटाई। साथ ही सिसोदिया ने ज्ञान वृक्ष के नीचे समय व्यतीत किया और स्वामी विवेकानंद से जुडी यादों के बारे में भी जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि काकड़ीघाट में ऐतिहासिक महादेव मंदिर और स्वामी विवेकानंद की ध्यान स्थली होने के कारण भक्ति व धार्मिक आस्था उन्हें यहां तक ले आई। इस दौरान विवेकानंद सेवा समिति ने सिसोदिया को ज्ञान वृक्ष पर आधारित पुस्तिका भेंट की। वहां मंदिर के पुजारी ललित नैनवाल, पूरन सिंह, रवि मोहन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# देहरादून की महिला को बहलाकर मुस्लिम युवक ने किया दुष्कर्म, गहने लूटे

देहरादून। देहरादून की महिला को बहलाकर अपने साथ दिल्ली व बागपत लाने के बाद एक मुस्लिम युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। उस पर मतांतरण का दबाव बनाया। एक लाख रुपये की नगदी समेत लाखों के जेवर हड़पे। देहरादून पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बागपत ट्रांसफर किया। देहरादून के राजपुरा थाना क्षेत्र की महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी करीब एक साल पहले नवाब खान निवासी ग्राम जौहड़ी (बागपत) से मुलाकात हुई थी। जो देहरादून में जैकेट के होल सेल का कार्य करता था। आरोप है कि उस पर नवाब खान दिल्ली चलने के लिए दबाव बनाता था, वह हर बार मना कर देती थी। इस दौरान नवाब ने उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। दिल्ली साथ चलने से मना करने पर आरोपित उसके दोनों बच्चों को अगवा करने की धमकी देता था। गत 20 जुलाई की सुबह नवाब उसको दिल्ली लेकर आया था। वह अपने घर से एक लाख रुपये नगद, सोने का 10 तोले का कंगन, एक चेन, एक अंगूठी साथ लेकर आई थी। नवाब उसको बागपत में अपनी बहन मुनाज व मोमीना के घर लेकर पहुंचा था, जहां पर नवाब का भाई रोजू भी मौजूद था। आरोपितों ने उसको कोल्डड्रिंक में नशा मिलाकर दिया था। उसके गले से सोने की चेन, अंगूठी व बैग से 60 हजार रुपये निकाल लिए थे। आरोपितों ने उस पर मतांतरण का दबाव बनाया। नवाब ने उसके साथ बागपत में भी दुष्कर्म किया। स्वजन से संपर्क करने की कोशिश करने पर उसके साथ मारपीट कर धमकी देते थे। उसने किसी तरह मोबाइल खोला तो स्वजन को उसकी लोकेशन मिल गई थी और 23 जुलाई को उसको बागपत से लेकर चले गए थे। बागपत पुलिस ने आरोपित को पकड़ लिया था तथा अन्य तीनों आरोपित फरार हो गए थे। पीड़िता ने आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी का कहना है कि देहरादून पुलिस ने जीरो क्राइम नंबर पर मुकदमा दर्ज कर बागपत ट्रांसफर किया है। जांच से स्थिति स्पष्ट होगी।

# राजाजी टाइगर रिजर्व में वाहन ट्रायल हादसे की जांच रिपोर्ट शासन को सौंपी

देहरादून। राजाजी टाइगर रिजर्व में जनवरी में एक वाहन के ट्रायल के दौरान हुए हादसे की जांच पूरी हो चुकी है। यह जांच रिपोर्ट शासन को सौंपी जा चुकी है, अब इस रिपोर्ट का वन मंत्री परीक्षण कर रहे हैं। उनके अनुसार जल्द ही बैठक कर कार्रवाई की जाएगी। इस साल जनवरी में राजाजी टाइगर रिजर्व में एक वाहन के ट्रायल के दौरान हुए हादसे में छह लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले की पहले जांच प्रमुख वन संरक्षक वन्यजीव व मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक को सौंपी गई थी, बाद में पूर्व मुख्य सचिव एस रामास्वामी को सौंपी गई। यह जांच पूरी हो चुकी है इसकी रिपोर्ट शासन को सौंपी जा चुकी है। अब इस रिपोर्ट से हादसे के कारणों समेत अन्य सभी पहलू का पता चलने की उम्मीद है। इस रिपोर्ट को सौंपे हुए भी कई दिन होने की बात कही जा रही है। बताया जाता है कि जिस वाहन का ट्रायल किया जा रहा था, उसका ट्रायल कई दिनों से चल रहा था। संबंधित वाहन के वन मुख्यालय आने की बात भी कही जाती है। इसके अलावा राजाजी नेशनल पार्क में भी कई अधिकारी ट्रायल में शामिल हुए थे। इस वाहन के राजाजी नेशनल पार्क में ट्रायल की अनुमति किस स्तर से मिली थी? यह सवाल बना हुआ था। इस साल कई हादसे हुए हैं, जिसमें वन कर्मियों की मौत हुई है। जनवरी में राजाजी नेशनल पार्क हुए हादसे में वन कर्मियों की मौत हुई थी। पांच महीने बाद जून में बिनसर अभयारण्य में हुए हादसे में छह वन कर्मियों की मौत हुई थी। इस प्रकरण में वन संरक्षक और डीएफओ को निलंबित किया गया था। मुख्य वन संरक्षक कुमाऊं को वन मुख्यालय से अटैच किया गया था। वन मंत्री सुबोध उनियाल के अनुसार राजाजी नेशनल पार्क में हुए हादसे की जांच रिपोर्ट मिल गई है। इसका मैं परीक्षण कर रहा हूं। मामले में एक बैठक करुंगा, इसके बाद कार्रवाई होगी।

# पंतनगर विवि का रूस के विश्वविद्यालय के साथ हुआ करार



पंतनगर(उद संवाददाता)। अपने तकनीकी भ्रमण के अंतिम चरण में भारतीय प्रतिनिधि मंडल को रशियन तिमिर्याजेव स्टेट एग्रेरियन यूनिवर्सिटी में आमंत्रित किया गया । रसियन कृषि विश्वविद्यालय के रेक्टर प्रोफेसर द्रोखचेव ब्लेडमीर इनोविच, अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों के प्रमुख वाइस रेक्टर डॉ क्रिवचंस्की, ईवान फिलिपोविच ने अपने भाषण में बताया कि उनका विश्वविद्यालय 555 हेक्टेयर में स्थापित है जो कि वर्ष 1865 में स्थापित किया गया और वे कृषि और हार्टिकल्चर के विभिन्न फसलों पर कर कर रहे है। उन्होंने बताया कि उनके वैज्ञानिकों ने स्ट्राबेरी, सेव, अंगूर, आदि की अनेक प्रजातियों पर कार्य कर आवश्यक तानुसार प्रजातियां विकसित की और पंतनगर विश्वविद्यालय के साथ कार्य कर इस दिशा में और अधिक शोध के इच्छुक हैं। उन्होंने बताया कि उनके वैज्ञानिकों में अनेक नोबेल प्राइज भी प्राप्त कर चुके है। उनकी यूनिवर्सिटी के विश्व के 110 विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू है। उन्होंने कहा की पंतनगर विश्वविद्यालय जो कि कृषि के क्षेत्र में भारत का प्रथम विश्वविद्यालय है के बारे में सुना है, और उस के साथ काम करने मे प्रसन्नता होगी। पंतनगर विवि के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने अपने संबोधन में अपनी टीम का परिचय देते हुए बताया कि पंतनगर विश्वविद्यालय जो कि 12000 एकड़ में स्थापित है अबतक विभिन फसलों के 350 से भी ज्यादा प्रजातियां विकसित कर चुका है। पशु विज्ञान के क्षेत्र में हम बकरी, मुर्गी, और गाय की प्रजाति विकसित कर चुके हैं। इस विश्व विद्यालय के छात्र और वैज्ञानिक पूरे विश्व में कार्य कर रहे हैं। विश्वविद्यालय ने विश्व के अनेक शीर्ष शोध संस्थानों के साथ शोध करार किया है और वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के साथ डुअल डिग्री प्रोग्राम भी संचालित कर रहा है। दोनों विश्वविद्यालय शीघ्र ही अपने वैज्ञानिकों को एक दूसरे के शोध संस्थानों में भेजने पर सहमत हुए। कुलपति डॉ चौहान ने जनवरी 2025 में रसियन कृषि विश्व विद्यालय के 10 विद्यार्थियों और 2 विज्ञानिको को भारत आने का निमंत्रण दिया जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया तथा इसी प्रकार पंतनगर से भी एक दल को रसिया आने का निमंत्रण दिया। वैज्ञानिक छात्र आदान प्रदान कार्यक्रम शीघ्र प्रारंभ होने पर सभी ने प्रसन्नता व्यक्त की। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के तकनीकी शोध एवं शिक्षा के आदान-प्रदान हेतु दोनों विश्वविद्यालय के मध्य एमओयू पर सहमति हुई। एमओयू हेतु पंतनगर विश्वविद्यालय से कुलपति डॉ मनमोहन सिंह चौहान की अध्यक्षता में वैज्ञानिकों का प्रतिनिधि मंडल मॉस्को पहुंचा । इस प्रतिनिधि मंडल में कुलपति डॉ चौहान के साथ डायरेक्टर इंटरनेशनल अफेयर्स - डॉ शिवा प्रसाद, अधिष्ठाता स्नातकोत्तर महाविद्यालय डॉ. के.पी रावेरकर एवं विभागाध्यक्ष पशुचिकित्सा विज्ञान डॉ. एस .सी त्रिपाठी, एवं डॉ ज्योति प्रसाद प्रोफेसर सिविल इंजीनियरिंग शामिल है । पंतनगर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. चौहान ने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय की प्रगति एवं हरित क्रांति के क्षेत्र में विश्वविद्यालय के योगदान एवं विश्व में पंतनगर कृषि विश्व विद्यालय के स्थान से अवगत करवाया ।

## एसएसपी से मिला पत्रकार प्रेस परिषद का शिष्ट मण्डल

### कुमाऊँ मंडल अध्यक्ष अशोक गुलाटी ने की कप्तान की सराहना



रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पत्रकार प्रेस परिषद के प्रतिनिधि मण्डल ने सोमवार को कुमाऊँ मंडल अध्यक्ष अशोक गुलाटी के नेतृत्व में एसएसपी मणिकांत मिश्रा से मुलाकात कर उनका स्वागत किया। प्रतिनिधि मण्डल ने जिले में कानून व्यवस्था मजबूत बनाने के लिए एसएसपी द्वारा किये जा रहे प्रयासों के लिए उनकी सराहना करते हुए शुभकानाएं दी । साथ ही बीते दिनों रूद्रपुर कोतवाल द्वारा पत्रकार के साथ किये गये दुर्व्यवहार सहित पत्रकारों से जुड़े कई मामलों को भी उठाया। कुमांऊ मण्डल अध्यक्ष अशोक गुलाटी ने कहा कि पिछले कुछ समय में जिले में पत्रकारों के उत्पीड़न की घटनायें बढ़ी हैं। उन्होंने एसएसपी से पुलिस द्वारा पत्रकारों के साथ किये जा रहे दुर्व्यवहार को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने कहा कि मीडिया के साथ सामंजस्य बैठाकर जिले में अपराध नियंत्रण के लिए प्रभावी प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि जिले को अपराधियों की शरण स्थली नहीं बनने दिया जायेगा। उन्होंने अपराध नियंत्रण के लिए पत्रकारों से भी सहयोग की अपेक्षा की। इस अवसर पर गुरदीप सिंह, दीपक कुमार, दीपक कुकरेजा, गोपाल भारती, गोपाल शर्मा, प्रमोद कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## बैनर पोस्टरों से पाट दिया दीन दयाल चौक, दुर्दशा पर जिम्मेवार लोग बेखबर

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर के मुख्य चौराहों पर राजनीतिक और सामाजिक संगठनों द्वारा मूर्तियों के आस-पास लगाए गए पोस्टरों और बैनरों से वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है वहीं इन पोस्टरों की वजह से ज्यादातर दुपहिया वाहन चौपहिया वाहन आपस में भिड़ रहे हैं तथा लोग चोटिल हो रहे हैं जिस पर शासन प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा। नगर के अति व्यस्ततम चौराहे पर जिसे दीनदयाल चौक के नाम से जाना जाता है पर सामाजिक संगठनों एवं राजनीतिक संगठनों ने हद ही पार कर दी है।पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति के चारों और सामाजिक संगठनों एवं राजनीतिक संगठनों की फ्लेक्सी बोर्ड खंबे तक लगे हुए हैं यही नहीं दीनदयाल जी की मूर्ति के चारों ओर बनाई गई सुरक्षा एंगल पर विज्ञापन फ्लेक्सी लगी हुई है जिस पर ना तो नगर पालिका प्रशासन द्वारा कोई ध्यान दिया जा रहा है और ना ही लोक निर्माण विभाग भी इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। किसी भी जिम्मेदार विभाग द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति की चारों ओर लगे हुए हैं फ्लेक्सी को हटाए



जाने के लिए कोई भी कम नहीं उठाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व ही दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती भी हर्षोल्लास के साथ मनाई गई थी किंतु जयंती मनाने वालों ने मूर्ति के चारों ओर लगे फ्लेक्सी बैनर आदि को हटाने की जरूरत भी नहीं समझी और आनन फानन में माल्यार्पण करते हुए फोटो खिंचवाने तक ही सिमट कर रह गए किसी भी सामाजिक राजनीतिक संगठन द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति की साफ सफाई एवं उसके चारों ओर लगाए गए बैनर पोस्टर को हटाने की कोशिश तक नहीं कि।

## प्रॉपर्टी डीलर के अपहरण के आरोप में हिंदू युवा वाहिनी का जिलाध्यक्ष गिरफ्तार

रूद्रपुर। पुलिस ने प्रॉपर्टी डीलर का अपहरण और मारपीट के मामले में हिंदू युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में दो अभियुक्तों को पहले ही जेल भेज चुकी है। ट्रांजिट कैंप थाने में दी तहरीर में जनपद रोड फुलसुंगा निवासी राजू ने बताया था कि वह प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता है। 22 सितंबर को वह जेपीनगर फुलसुंगा में एक व्यक्ति को प्लॉट दिखाने गया था। इसी बीच प्लॉट को लेकर उनका सुमित नाम के युवक से विवाद हो गया था। 23 सितंबर को वह मामले की शिकायत कर ट्रांजिट कैंप से बाइक पर वापस आ रहा था। इसी बीच नारायण कॉलोनी के पास कार और तीन बाइकों पर सवार आठ से अधिक युवकों ने उसके साथ मारपीट की थी। आरोपी उसे कार में डालकर जनपद रोड फुलसुंगा स्थित हिंदू युवा वाहिनी कार्यालय ले गए। वहां पर उसकी पिटाई की गई थी। पुलिस ने इस मामले में सुमित सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस की विवेचना में हिंद युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष विनयवीर सिंह उर्फ विनय भदौरिया निवासी वनखंडी फेस एक जनपद रोड का नाम प्रकाश में आया था। रविवार को पुलिस ने फुलसुंगा में फर्नीचर हाउस के गेट पहाड़ी सुनार वाली गली से आरोपी विनयवीर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि पुलिस विवेचना में प्रकाश में आए अन्य अभियुक्तों की तलाश कर रही है।

## किरायेदार ही निकला चोर नकदी और जेवर बरामद किए

खटीमा। लोहियाहेड रोड स्थित एक मकान में तीन दिन पहले हुई चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने किरायेदार को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से पुलिस ने जेवरात और नकदी बरामद की है। आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। लोहियाहेड रोड निवासी रिचा मनोला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि वह दिल्ली में रहती हैं। घर में उनकी मां अकेली रहती हैं, जो बीमारी के कारण ठीक से देख नहीं पातीं। उसी का फायदा उठाकर चोर ने उसके घर से जेवरात, नकदी, उसके दादाजी का पुलिस सेवा पदक व अन्य कागजात चुरा लिए थे। शनिवार को पुलिस ने नदन्ना से लालकोठी जाने वाले मार्ग पर नरौली, चंदौली, यूपी निवासी बाबूलाल प्रजापति को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह रिचा मनोला के घर में पिछले 12 साल से किराये पर रहता था। 22 सितंबर को वह जब उनकी मां के हालचाल पूछने उनके कमरे में गया तो वहां कोई नहीं था। मौके का फायदा उठाकर उसने वहां से ताला लगा हुआ टिन का बक्सा चोरी कर लिया जिसमें से जेवर व नकदी निकालकर बक्से व उसके कागजात को वहीं पास के नाले में बहा दिया था। पुलिस ने आरोपी के पास एक गुलबंद, एक मंगलसूत्र, कान के कुंडल, एक जोड़ी पायल, एक पुलिस पदक व 6,800 रुपये बरामद किए।

## युवक ने बेटे से मारपीट कर पिता का सरिया से सिर फोड़ा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। एक युवक ने पहले बेटे को पीटा और फिर उसे बचाने आए पिता का सरिया से सिर फोड़ दिया। हमलावर यहीं नहीं रुका, उसने चाकू से उनकी एक अंगुली काट दी। पुलिस ने घायल की पत्नी की तहरीर पर हमलावर पर केस दर्ज किया है। मूलरूप से चंदौसी और हाल वार्ड नंबर 24 रंपुरा निवासी कमलेश ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि वह कल्लू डिश वाले के मकान में किराये पर रह रही है। 23 सितंबर की रात पड़ोस में किराये पर रहने वाला अमित उनके बेटे यश को गालियां दे रहा थ। जब उसने आरोपी अमित को गाली देने पर टोका तो वह उनके बेटे को पीटने लगा। इस पर वह और उनके पति दीपक बेटे को बचाने के लिए गए तो आरोपी ने सरिया से उनके पति के सिर पर वार कर दिया। इससे वे लहूलुहान हो गए। आरोपी ने चाकू से उनके पति पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। खुद को बचाने की कोशिश में पति के दोनों हाथों की अंगुलियों में गहरे जख्म हो गए। उनके बायें हाथ की सबसे छोटी उंगली कटकर अलग हो गई। उनकी चीख पुकार सुनकर पड़ोसी राजपाल तथा राजेश ने बीचबचाव कर पति को अमित के चंगुल से बचाया। उनके पति को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में ले जाया गया था। पुलिस ने आरोपी अमित पर केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।




## अल्मोड़ा के सल्ट गांव में ग्रामीणों ने लगाया बोर्ड, बाहरी व्यक्ति को नहीं बेचेंगे जमीन

अल्मोड़ा। प्रदेश में बीते कुछ दिनों से गढ़वाल मंडल के कुछ जिलों में गांवों में बाहरी व्यक्ति के प्रवेश और बाहरी लोगों को जमीन ना बेचने के बोर्ड लगाने का मामले सामने आए थे। ऐसा ही एक मामला अब कुमाऊं से भी सामने आया है। अल्मोड़ा जिले के सल्ट में कालीगाड़ के ग्रामीणों ने भी गांव के प्रवेश पर एक बोर्ड लगाया है। जिसमें लिखा है कि बाहरी व्यक्ति को कोई भी ग्रामीण जमीन नहीं बेचेगा और ना ही अपनी पहचान छिपाकर गांव में घूम सकता है। प्रदेश में बाहरी व्यक्तियों को जमीन बा बेचने के लिए गांव में लगाए गए बीते कुछ दिनों से चर्चाओं के विषय बने हुए हैं। कुछ गावों में तो विशेष समुदाय के लोगों के आने पर बैन की बातें तक लिखी थी। इसी तरह से कुछ सल्ट के कालीगाड़ के ग्रामीणों ने भी किया है। अंधाधुंध जमीनों की हो रही खरीद फरोख्त, गांव का माहौल बिगड़ने और प्राकृतिक संसाधनों को दोहन होने से गांव वाले परेशान हैं। जिस कारण उन्होंने गांव में जमीन की खरीद फरोख्त पर रोक लगा दी है। बकायदा इसके लिए गांव के प्रवेश पर एक बड़ा बोर्ड भी लगाया गया है। जहां एक ओर बाहरी व्यक्तियों द्वारा यहां जमीन खरीदने पर बैन लगा दिया गया है। तो वहीं दूसरी ओर पहचान छिपाकर भी कोई बाहरी व्यक्ति गांव में नहीं घूम सकता। अगर कोई ऐसा करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की बात भी बोर्ड पर लिखी गई है। ग्रामीणों से पूछा गया तो उनका कहना है कि अपनी प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहरों को बचाने के लिए उन्हें ऐसा कदम उठाना पड़ा है



# इंदिरा कालोनी में श्री रामलीला का मंचन शुरू





रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री शिव नाटक क्लब द्वारा इंदिरा कालोनी स्थित रामलीला मंच पर आयोजित प्रभु श्री राम जी की लीला के मंचन का बड़ी धूमधाम के साथ शुभारंभ हुआ। श्री बालाजी धाम के महंत मनीष सलूजा एवं अनंत प्रेम आश्रम की गद्दानशीन संतनिष्ठानन्द जी महाराज ने संयुक्त रूप से फीता काटकर रामलीला मंचन का शुभारम्भ किया। पंडित शुभम शर्मा द्वारा विधिवत रूप से पूजा करवाई गई उपरांत रिबन काटकर लीला का शुभारंभ किया गया । श्री शिव नाटक कप के पदाधिकारियों द्वारा सभी अतिथियों को पटका पहनाकर एवं बैच लगाकर सम्मानित किया गया एवं भेंट स्वरूप स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया गया । प्रभु राम की लीला के मंचन के प्रथम दिन नारद मोह की सुंदर लीला का मंचन किया गया जिसमें नारद का अभिनय सनी कक्कड़ ,विष्णु सौरभ भुसरी ,लक्ष्मी अभिनव अनेजा,शीलनिधि पुष्कर नागपाल, ब्रह्मा विशांत भसीन शंकर संदीप सिंह द्वारा बहुत ही सुंदर अभिनय किया गया । आज रात्रि रामलीला में रावण वेदवती संवाद, मातृ पितृ भक्त श्रवण कुमार, श्रवण मरण की लीला का मंचन किया जायेगा। श्री शिव नाटक क्लब के अध्यक्ष जगदीश सुखीजा ने सभी राम भक्तों से प्रभु श्री राम जी की लीला के मंचन में अवलोकन करने की अपील की।

## श्री हरि चैतन्यपुरी का गढ़ीनेगी पहुंचने पर भव्य स्वागत

गढीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा आश्रम कामां के पीठाधीश्वर एंव संत स्वामी श्री हरि चैतन्य महाप्रभु जी के महाराष्ट्र , मध्य प्रदेश,राजस्थान व उत्तर प्रदेश के विभिन्न स्थानों में विराट धर्म सम्मेलनों की अध्यक्षता व लाखों भक्तों का मार्गदर्शन करने के बाद यहाँ श्री हरि कृपा धाम आश्रम गढीनेगी में पधारने पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय, स्थानीय व दूरदराज से आए भक्तजनों ने फूल मालाएं पहनाकर, पुष्प वृष्टि करते हुए आरती उतारकर " श्री गुरु महाराज" "कामां के कन्हैया "व " लाठी वाले भैय्या " की जय जयकार के साथ पूर्ण धार्मिक रीति से भव्य व अभूतपूर्व स्वागत किया। इस अवसर पर श्री महाराज जी ने उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी अपने महापुरुषों, तीर्थों, शास्त्रों व परमात्मा के विभिन्न अवतारों से प्राप्त होने वाले शिक्षाओं, प्रेरणाओं उपदेशों को मात्र अपनी कमियों को छुपाने के लिए ढाल ही न बनाये बल्कि अपने जीवन में उतारकर कल्याणमय मार्ग पर आगे बढ़ें। मानव जीवन की सार्थकता मात्र पशु तुल्य अपने तक ही सीमित रहने में नहीं




अपितु किसी के काम आने में है। ईश्वर कृपा से प्राप्त धन, बल, पद, सामर्थ्य प्राप्त आदि का भोग या उपयोग ही नहीं बल्कि सदुपयोग करना चाहिए। पाँच कर्म इन्द्रियां व पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ इन दसों इंद्रियों को चाहे सांसारिक कर्तव्यों के पालन में लगाएं लेकिन एक मन को जो कि परमात्मा की ही अमानत है उसे उसके सिमरन भजन में लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि संग का भी जीवन में सर्वाधिक प्रभाव पड़ता है। संग अच्छा करना चाहिए, भोजन भी सात्विक, संयमित, संतुलित ही ग्रहण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि माता-पिता, बड़े बुजुर्गों , संतो, महापुरुषों, तीर्थ, धर्म स्थलों व देश की संस्कृति का सम्मान करें। धर्म का साथ दें, अधर्म के विनाश में सहयोग दें व शांति को जीवन में प्रमुखता से स्थान दें। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में आप आगे बढ़ो तो कठिनाइयां, बाधाएं, परीक्षाएं, आना स्वाभाविक है। प्रभु स्मरण करते हुए प्रभु नाम लेते हुए चलें तो, वो आपके सामने टिक नहीं पाएंगी। जो व्यक्ति विपत्तियों, बाधाओं व परेशानियों से लड़ने की क्षमता रखता हो वही जीवन के विकास का सच्चा आनंद प्राप्त कर सकता है।श्री महाराज जी ने श्री हरेश्वर महादेव का महाभिषेक विश्व शांति एंव भारत की समृद्धि एंव खुशहाली की कामना से किया।नवरात्रि महोत्सव एंव विराट धर्म सम्मेलन का आयोजन श्री हरि कृपा आश्रम चित्रकूट रामनगर में श्री महाराज जी के पावन सानिध्य में 3 से 12 अक्टूबर तक होगा जिसमें सभी धर्म प्रेमी जनता को आमंत्रित किया गया है ।

## भारत विकास परिषद ने युवा पीढ़ी को दिया गौ संरक्षण का संदेश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद की भगत सिंह शाखा द्वारा गौधाम गंगापुर, लालकुआं में युवा पीढ़ी को गौ सेवा का अवसर प्राप्त हुआ। गौ सेवा कर बच्चों ने भारतीय संस्कृति में गौ माता के महत्व को समझाद्य उप जिलाधिकारी पारितोष वर्मा एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के साथियों ने सर्वप्रथम गौ पूजन किया। तत्पश्चात गौ माताओं को अन्न दान किया एवं गौशाला कर्मचारियों को वस्त्र वितरण किया गया। इस दौरान भगत सिंह शाखा के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल शाखा के अन्य सदस्य परिवार सहित उपस्थित रहे।



## तुर्कागौरी के निवासियों को मिलेगा भूमि का मालिकाना हक : शुक्ला

किच्छा (उद संवाददाता)।विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 43 ग्राम तुर्कागौरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' का 114वां एपिसोड सुनने के बाद रामलीला मैदान में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली उत्तराखंड सरकार प्रदेश में वर्ग 1ख श्रेणी की जमीन पर वर्षों से बसे लोगों को उनकी आबादी की भूमि का मालिकाना हक दिलाने के लिए ठोस कदम उठा रही है। इसके लिए सरकार ने मंत्रिमंडलीय उपसमिति का गठन किया है, जिसकी अध्यक्षता वन मंत्री सुबोध उनियाल कर रहे हैं और इसके सदस्य सौरभ बहुगुणा और रेखा आर्या हैं। यह उपसमिति पूरे प्रदेश में वर्ग 1ख श्रेणी की जमीन पर बसे लोगों को मालिकाना हक देने के लिए आवश्यक निर्णय लेगी। पूर्व विधायक शुक्ला ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि तुर्कागौरी के निवासियों की यह लंबे समय से मांग रही है कि उन्हें उस जमीन का मालिकाना हक दिया जाए, जिस पर वे वर्षों से बसे हुए हैं। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे को लेकर उन्होंने विधायक रहते हुए भी लगातार प्रयास किए और हाल ही में उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से देहरादून में मुलाकात कर तुर्कागौरीवासियों की मांग को उनके समक्ष रखा। मुख्यमंत्री धामी ने इस मुद्दे पर त्वरित संज्ञान लेते हुए मंत्रिमंडलीय उपसमिति को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। शुक्ला ने कहा कि धामी सरकार वर्ग 1ख श्रेणी की जमीन पर बसे लोगों को मालिकाना हक दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, और जल्द ही तुर्कागौरी के निवासियों को इस योजना का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह निर्णय सरकार के प्रति जनता के विश्वास को और मजबूत करेगा और लोगों को उनके हक की जमीन दिलाने का एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा। इसके अलावा, शुक्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा केंद्रिय कैबिनेट से खुरपिया के 1100



एकड़ भूमि पर स्मार्ट सिटी बसाने के निर्णय का भी स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना किच्छा और आसपास के क्षेत्र के एक लाख से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेगी। शुक्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि इससे किच्छा क्षेत्र के लोगों को रोजगार और बुनियादी ढांचे के विकास में बड़ा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम से पूर्व राजेश शुक्ला ने सभी ग्रामवासियों और कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात का 114वां एपिसोड सुना, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी ने विभिन्न राष्ट्रीय मुद्दों और उपलब्धियों पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के बाद, शुक्ला ने ग्रामवासियों को भारतीय जनता पार्टी की ऑनलाइन सदस्यता दिलाई, जिसमें ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है, और आने वाले समय में उत्तराखंड को भी विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व ग्राम प्रधान नंदलाल यादव, ग्राम प्रधान आशा देवी, पूर्व ग्राम प्रधान ललित राय, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य सदानंद आजाद, रामनरेश, अनीता, रंजना गुप्ता, रामपाल यादव, हेमनारायण, सत्यवती, प्रीति वर्मा, रामनरेश, प्रदीप कुमार, रितेश, संदीप राजभर, अशोक वर्मा, गया गुप्ता, विनीत, राकेश, राकेश कुमार, देवेंद्र सिंह, विकास यादव, विशाल अग्रवाल, सलमा, रुस्तम खान, नीलम यादव, नगीना प्रसाद, शीला देवी, सर्वेश, बिरजू, पवन कुमार, बालकिशन यादव, पन्ने लाल यादव, विजेश गुप्ता, सुभाष यादव, राहुल दुबे, राजेश, विनोद, बहादुर सिंह, दुर्गा, नरेश यादव, जूनि देवी, गौरव, मनीषा, सील कुमारी, देवानंद, भोले शंकर, कन्हैया लाल, धर्मेंद्र, राजू, प्रवेश कुमार, राजेश कुमार, प्रमोद वर्मा, संतोष वर्मा, सुनील समेत समस्त ग्रामीण उपस्थित थे।



# भव्य शोभा यात्रा के साथ धूमधाम से निकली महावीर ध्वज यात्रा





रुद्रपुर(उद संवाददाता)। नगर की प्रमुख प्राचीन बस अड्डे वाली रामलीला के आयोजन के हेतु महावीर ध्वज यात्रा बड़ी ही धूमधाम से लक्ष्मी नारायण मंदिर पंच मंदिर से बस स्टैंड के सामने रामलीला मंच तक निकाली गई। स्थानीय लक्ष्मी नारायण पंच मंदिर से हनुमान जी का किरदार निभाने वाले रामभक्त सुशील गाबा ने महावीर ध्वज को उठाया और सभी देवी देवताओं को प्रणाम करने के बाद यहां से महावीर ध्वज शोभा यात्रा प्रारंभ हुई। शोभा यात्रा में श्री रामलीला कमेटी और श्री राम नाटक क्लब तथा साधन धाम युवा मंच के सभी सदस्य व पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी उपस्थित रहे बैंड बाजा ढोल नगाड़ों और पटाखों के साथ खुशियां मनाते हुए युवा आगे आगे चल रहे थे तो वही श्री रामलीला कमेटी के पदाधिकारी द्वारा समस्त बाजार क्षेत्र में निमंत्रण कार्ड देकर सभी राम भक्तों को इस रामलीला हेतु आमंत्रित किया। श्री रामलीला मंच पहुंचने पर पंडित ओमप्रकाश ने प्रभु श्री राम का किरदार निभाने वाले मनोज अरोड़ा एवं हनुमान जी का किरदार निभाने वाले सुशील गाबा फूल, फल, धूप, दीप आदि के साथ महावीर ध्वज पूजन का आयोजन किया जाता है, जिसमें भगवान हनुमान की पूजा की जाती है। पूजा के बाद मंच की छत पर भगवान हनुमान का ध्वज स्थापित कर रामलीला के आयोजन को सुरक्षित और सफल बनाने की प्रार्थना की गई। श्री रामलीला कमेटी के संरक्षक तिलक राज बेहड ने बताया कि रामलीला में हनुमान जी ध्वज स्थापना एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जो भगवान राम के सबसे बड़े भक्त हनुमान की भक्ति और शक्ति का प्रतीक है, जो भगवान राम के सबसे बड़े भक्त हैं। हनुमान जी ध्वज स्थापना भगवान हनुमान की शक्ति और साहस का प्रतीक है। हनुमान जी ध्वज स्थापना रामलीला की शुरुआत का संकेत है, जो भगवान राम की लीला को दर्शाती है। अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने बताया कि हनुमान जी ध्वज स्थापना भगवान हनुमान की संरक्षण और सुरक्षा का प्रतीक है, जो रामलीला के आयोजन को सुरक्षित और सफल बनाता है। इस दौरान श्री रामलीला कमेटी के महामंत्री विजय अरोड़ा, कोऑर्डिनेटर नरेश शर्मा कोषाध्यक्ष अमित गंभीर सी ए, सुभाष खंडेलवाल विजय जग्गा, महावीर आजाद, केवल किशन बत्रा, राजेश छाबड़ा, राकेश सुखीजा, विजय विरमानी, रघुवीर अरोड़ा, रवि पुंशी, रवि बठला, संदीप धीर हरीश अरोरा, आशीष मिड्ढा, मनोज गाबा, अशोक गुंबर जगदीश टंडन, देवी शंकर अग्रवाल टिल्लू, चंद्र प्रकाश सचदेवा, बिट्टू ग्रोवर, ओम प्रकाश अरोड़ा, अमित चावला,श्री राम नाटक क्लब के डायरेक्टर आशीष ग्रोवर आशु, महामंत्री गौरव तनेजा, संरक्षक मोहन लाल भुड्डी, गौरव जग्गा, हरीश सुखीजा, विशाल भुड्डी, सचिन मुंजाल,रमन अरोड़ा, गुरशरन बब्बर शरणी बब्बर, गौरव राज बेहड , सौरभ राज बेहड़, पुलकित बांबा, अनिल तनेजा, नरेश छाबड़ा, प्रेम खुराना, संजीव आनंद, विशाल अनेजा, वैभव भुड्डी, मनोज मुंजाल, सुमित आनंद, सचिन आनंद, सचिन मुंजाल, कनव गंभीर, पुरु राज बेहड़, आशमन अरोरा, ऐश तनेजा, रोहित खुराना,आयुष धमीजा, हर्षित अरोड़ा, मोहक अरोड़ा, आयुष्मान सुशील गाबा, नीतीश धीर, रामकृष्ण कनौजिया, कुकू शर्मा, गोगी नरूला और इदरीस गोला, शौर्य अरोड़ा, राजेंद्र ग्रोवर, मनकरन रंधावा, दिव्यांश अरोरा, उपस्थित रहे।

## शिविर में 134 बच्चों की हुई हीमोग्लोबिन जांच

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज बलराम नगर में मुख्य चिकित्सा उधम सिंह नगर मनोज शर्मा एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर डॉ संजीव सरना के निर्देशन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम- गदरपुर की टीम द्वारा एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक टी 3 कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत 5 वर्ष से 18 वर्ष तक के बच्चों की हीमोग्लोबिन की जांच टी 3 अप्रोच अर्थात टेस्ट ट्रीट एंड टॉक के साथ की गई। कार्यक्रम के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के डॉ प्रशांत चौहान और डॉ कल्पना पांडे द्वारा किशोर किशोरियों को एनीमिया के कारणों एवं उससे शरीर पर होने वाले



लक्षणों एवं उससे बचने उपाय के बारे में जानकारियां दी गई। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की काउंसलर श्रीमती राधा मिगलानी द्वारा वीकली आयरन फोलिक एसिड प्रोग्राम के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के फार्मासिस्ट आतिश कालरा एवं स्टाफ नर्स विमला वैद्य द्वारा बच्चों के हीमोग्लोबिन की जांच की गई एवं आवश्यकता अनुसार दवाईयों का वितरण किया गया। टीम द्वारा अत्यधिक एनीमिक पाए गए बच्चों को उच्च चिकित्सा इकाइयों हेतु संदर्भित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत 134 बच्चों के हीमोग्लोबिन की जांच की गई।

## गणपति पूजन के साथ रामलीला मंचन शुरू

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्राचीन श्री रामलीला मैदान मे संचालन समिति द्वारा रामलीला मंचन का शुभारंभ कर दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ व्यास पंडित पुष्कर दत्त शास्त्री द्वारा समिति के सदस्य तथा नगर के तमाम गणमान्य नागरिकों के बीच गणपति जी के पूजन के साथ कराया गया। श्री रामलीला मंचन का पंद्रह दिवसीय महायज्ञ कार्यक्रम प्रारंभ हो गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद अजय भट्ट, रामलीला संचालन समिति के रिसीवर एवम नगर मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई, संचालन समिति के सदस्य वेद प्रकाश अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य स्वर्ण लाल सदाना, विवेक कश्यप मनोज गुप्ता,भवानी शंकर नीरज, बसंत अग्रवाल , विनीत अग्रवाल, अमित जोशी, अतुल अग्रवाल, एनवी गुणवंत , गोपाल पाल, प्रदीप जनौटी, पंकज कपूर, राजेंद्र



अग्रवाल मुन्ना, मंजू वार्ष्णेय, रूपेंद्र नागर आदि उपस्थित रहे। व्यास पुष्कर दत्त शास्त्री ने बताया कि हल्द्वानी की इस दिन लीला का इतिहास बहुत ही गरिमामय है एवम लगभग 150 वर्षों से भी ज्यादा पुराना है। विगत कई वर्षों से व्यास जी द्वारा श्री रामलीला का मंचन करवाया जा रहा है। आज की लीला में गणेश जी के पात्र में तनुज गुप्ता रहे। नगर के गणमान्य सदस्यों में तरुण बंसल, हरि मोहनअरोरा,लाला जायसवाल , तनिष्क ढींगरा, दीपक अग्रवाल, रजत गर्ग, देवेश अग्रवाल, आनंद दरमवाल, दीपा जैसवाल, शम्मी भाई, मनोज भट्ट, प्रेम बेलवाल, भुवन जोशी, पंडित गणेश जोशी आदि रहे। रामलीला संचालन में सहयोग सुशील शर्मा, नब्बू, यश गुप्ता, रोहित ठाकुर आदि ने किया। संचालन समिति सदस्य अमित जोशी ने बताया कि आज की लीला में नारद मोह की लीला का मंचन किया जाएगा।

## प्रदेश सरकार की वादा खिलाफी पर आशा वर्करों में रोष

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ऐक्टू से संबद्ध उत्तराखण्ड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन का हल्द्वानी नगर सम्मेलन महिला अस्पताल में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन को संबोधित करते हुए ऐक्टू प्रदेश महामंत्री केके बोरा ने कहा कि आशा जैसी महिला कामगारों का सरकार खुला शोषण कर रही है। चार लेबर कोड लागू होने के बाद महिला कामगारों का शोषण और बढ़ेगा।उत्तराखण्ड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष कमला कुंजवाल ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि आशा वर्कर्स के साथ वादे के बावजूद राज्य सरकार ने आशाओं के साथ लगातार धोखा किया है। इससे स्पष्ट हो गया है कि सरकार आशाओं की दुर्दशा के भारी असंवेदनशील है। अगर यही चलता रहा तो आशाएँ पुन: आंदोलन को बाध्य होंगी। प्रदेश महामंत्री डा कैलाश पाण्डेय ने कहा उत्तराखण्ड राज्य में



आशाओं के 2 अगस्त से 31 अगस्त 2021 तक एक माह के कार्य बहिष्कार हड़ताल और आंदोलन के बाद राज्य के मुख्यमंत्री ने 31 अगस्त को आशाओं के प्रतिनिधिमंडल से डीजी हेल्थ उत्तराखण्ड के प्रस्ताव के अनुरूप 11500 रुपए के मानदेय का शासनादेश जारी करने का वायदा किया था। लेकिन तीन साल से अधिक बीत जाने के बाद भी सरकार ने अपने वादे पर अमल नहीं किया है। राज्य सरकार को तत्काल इस वादे को पूरा करना चाहिए। पुन: निर्वाचित नगर अध्यक्ष रिंकी जोशी ने कहा कि राज्य सरकार को तत्काल आशाओं के मानदेय का शासनादेश जारी करना चाहिए। आशाओं की लंबे समय से की जा रही उपेक्षा के खिलाफ अब आशाएँ एकजुट होकर अपने हक और सम्मान की लड़ाई लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सम्मेलन में नगर कमेटी की 11 सदस्यीय का कार्यकारणी का चुनाव किया गया। जिसमें रिंकी जोशी को पुन: अध्यक्ष, प्रीति रावत उपाध्यक्ष, रीना बाला सचिव, गीता पांडे सह सचिव, सरोज रावत कोषाध्यक्ष, रमा भट्ट प्रचार सचिव, रेखा चौधरी संगठन सचिव, कार्यकारणी सदस्यों में सायमा सिद्धकी, पूनम नेगी, जानकी जोशी, नीमा शर्मा चुनी गई। सम्मेलन में रीना बाला, सरोज रावत, सायमा सिद्दीकी, रेखा पलड़िया, मंजू आर्य,भागीरथी, किरन पलड़िया, शोभा गोस्वामी, हंसी फुलारा, नसरीन खातून,रेनू, सुनीता, प्रियंका, विमला, अनीता, प्रेमा, भगवती, ममता, रमा, खष्टी, बंदना, लता, तनुजा, सुधा, मोबिन शाहीन, जानकी, प्रभा, हेमा, चंपा, अर्शी,चंद्रकला,गोविंदी, मुमताज, फातमा, फरजाना, रजनी, निर्मला, छाया आदि बड़ी संख्या में आशाएँ सम्मिलित रहीं।

## बेहड़ ने दी तीन अक्टूबर को धरने पर बैठने की चेतावनी

किच्छा(उद संवाददाता)। पूर्व मंत्री एवं किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ ने धौराडाम में जलभराव का समाधान नहीं होने पर तीन अक्टूबर को एसडीएम कार्यालय पर धरना देने की चेतावनी दी है। बेहड़ ने जारी बयान में कहा कि धौराडाम में जलस्तर बढ़ने के कारण पानी खेतो और घरों में आ गया है। इस सम्बन्ध में पूर्व में उनके द्वारा



वहां के निवासियों के साथ जिलाधिकारी से मुलाकात की गयी थी और उनको सारी परिस्तिथियों से अवगत कराया गया था। किच्छा उपजिलाधिकारी से भी वार्ता कर उनको मौके पर भेजा था तथा साथ ही उत्तरप्रदेश के सिचाई विभाग के अधिकारियों से वार्ता की गयी। पानी बढने के कारण वहाँ का आम जीवन अस्त व्यस्त हो गया है और लोगों के घरों और खेंतो बहुत ही नुक्सान हुआ है। लोगों को बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन को शीघ्र ही पानी कम करने को कहा है जिस पर उपजिलाधिकारी किच्छा द्वारा 2 दिन का समय माँगा गया है। बेहड़ ने कहा कि यदि डाम में लोगों के घरो और खेंतो से पानी को बुधवार तक नहीं हटाया जाता है तो वह 3 अक्टूबर को ग्रामवासियों और अपने समस्त पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ किच्छा उपजिलाधिकारी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठेंगे।

## सबसे अधिक सदस्य बनाने पर संजीव सिंह को किया सम्मानित

किच्छा(उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ट नेता एवं समाजसेवी संजीव कुमार सिंह के आवास पर भाजपा किच्छा के नगर मण्डल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना व पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एकत्रित हुए तथा पीएम मोदी की 'मन की बात' को सुना। इस अवसर पर संजीव कुमार सिंह ने नगर मंडल अध्यक्ष का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया व सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए प्रधानमंत्री मोदी के सुझावों पर अमल करने का आह्वान किया। नगर मंडल अध्यक्ष ने भाजपा के राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान में किच्छा विधानसभा में सबसे अधिक सदस्य बनाने के लिए



संजीव कुमार सिंह को धन्यवाद दिया तथा शॉल ओढ़ाकर उनको सम्मानित किया। इस अवसर पर विवेक राय, पूरन भट्ट, विशाल चौहान, ब्रह्मानन्द, कमलेश कुमार दुबे, नवीन सिंह, सोनी सिंह, लता सिंह, श्याम बिष्ट, मोहन, धनञ्जय सिंह, योगेंद्र कश्यप, आरती दुबे, प्रकाश पन्त, बीना पांडे, मधु गुप्ता, सुनीता गंगवार, विमला गंगवार, सुभाष तनेजा, ओम तनेजा आदि उपस्थित रहे।

## महिला कांग्रेस का सदस्यता अभियान जारी

रूदपुर(उद संवाददाता)।उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्रीमती मीना शर्मा ने अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के निर्देशानुसार पूरे देश भर में चल रहे महिला कांग्रेस सदस्यता अभियान के अंतर्गत रविवार को भी कई स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं को कांग्रेस के साथ जोड़ा,और उन्हें डिजिटल सदस्यता ग्रहण कराई। इससे पूर्व श्रीमती शर्मा इंदिरा कॉलोनी, सिंह कॉलोनी, और ग्राम दानपुर पहुंची, जहां उन्होंने महिलाओं को भारतीय राष्ट्रीय महिला कांग्रेस कमेटी की डिजिटल सदस्यता ग्रहण कराई,और उन्हें भरोसा दिलाया कि कांग्रेस में उनका पूरा सम्मान होगा, उनकी हर समस्या का



समाधान प्रमुखता से किया जाएगा। इस अवसर पर महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली,निगम पार्षद प्रीति साना,बीडीसी राखी जोशी, ममता सिंह, सरोज रानी, पूनम गुप्ता,मंजू जैन,बीना शर्मा,ममता बनर्जी,कुसुम, मुन्नी, हर्ष बाला, सहित बड़ी संख्या में अन्य महिलाए व कांग्रेसनेता उपस्थित थे।

**उत्तरांचल दर्पण**

**सम्पादकीय** सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## इजराइल की बमबारी

इजराइल अब हमास और हिजबुल्ला के खिलाफ आरपार की लड़ाई में जुट गया है। हमास के प्रमुख को उसने कुछ दिनों पहले मार गिराया था। अब उसके हवाई हमले में हिजबुल्ला के प्रमुख हसन नसरल्लाह के मारे जाने की पुष्टि हो गई है। इजराइल ने लेबनान की राजधानी बेरूत में निशाने बना कर हिजबुल्ला के ठिकारों पर हमले किए। उसमें हिजबुल्ला के मुख्यालय पर बंकरभेदी बम गिराए गए, जिसमें नसरल्लाह मारा गया। इसे इजराइल की बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। अब भी इजराइल हिजबुल्ला को पूरी तरह खत्म करने पर अड़ा हुआ है। पिछले हफ्ते अमेरिका और ब्रिटेन आदि इजराइल के समर्थक पश्चिमी देशों ने कोशिश की थी कि इक्कीस दिनों के लिए इजराइल हमले रोक दे। मगर राष्ट्रपति बेजामिन नेतन्याहू ने उस प्रस्ताव को सीधे-सीधे ठुकरा दिया और कहा कि जब तक वह हिजबुल्ला को खत्म नहीं कर लेगा, तब तक हमले बंद नहीं करेगा। वह संकल्प उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के मंच से भी दोहरा दिया। नसरल्लाह के मारे जाने के बाद माना जा रहा है कि मध्यपूर्व में स्थितियां गंभीर हो सकती हैं। ईरान ने आपातकालीन बैठक बुला ली। अगर वह सीधे इस संघर्ष में कूदता है, तो सचमुच युद्ध खतरनाक रूप ले सकता है। अभी तक ईरान इस संघर्ष में नरम रुख अख्तियार किए हुए था, पर अब उस पर दबाव बढ़ेगा। हालांकि अप्रैल में इजराइल ने ईरान पर भी हमले किए थे, जिसके जवाब में ईरान ने इजराइल पर गोले दागे थे। पर, उसके बाद वह संघर्ष आगे नहीं बढ़ पाया था। ईरान के इस संघर्ष में कूदने से बाकी अरब देशों पर भी अपनी स्थिति स्पष्ट करने का दबाव बनेगा। पेजर और रेडियो बम धमाके करके इजराइल ने पहले ही हिजबुल्ला के सैकड़ों लड़ाकों को मार और अशक्त बना कर उसकी कमर तोड़ दी थी। अब उसके प्रमुख नसरल्लाह के मारे जाने के बाद कई लोगों का मानना है कि हिजबुल्ला खत्म हो जाएगा। इजराइल ने भी दावा किया है कि हिजबुल्ला के हर लड़ाके पर उसकी नजर है। मगर सच्चाई यह है कि हिजबुल्ला इस हमले से कुछ हतोत्साहित जरूर हुआ है, उसकी ताकत शायद कम नहीं हुई है। अब भी उसके पास लाखों घातक हथियार जमा हैं, जिनका इस्तेमाल वह इजराइल के खिलाफ कर सकता है। इसलिए इजराइल का ज्यादा ध्यान हिजबुल्ला के हथियारों का जखीरा नष्ट करने पर है। हालांकि युद्ध में जीत का सेहरा चाहे जिसके सिर बंधे, नुकसान दोनों पक्षों के आम लोगों को झेलना पड़ता है। मगर पिछले कुछ वर्षों से यह स्पष्ट है कि युद्ध की स्थितियों को टालने में जैसी भूमिका संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की होनी चाहिए, वह बिल्कुल नहीं दिखी है। उधर रूस-यूक्रेन संघर्ष जारी है, इधर इजराइल-हमास और हिजबुल्ला का संघर्ष तेज होता जा रहा है। कोरोनाकाल के बाद से पूरी दुनिया आर्थिक संकटों का सामना कर रही है। आपूर्ति शृंखलाएं बाधित हैं। ऐसे में कुछ देशों की नाहक जिद और सनक की वजह से स्थितियां और चुनौतीपूर्ण हो रही हैं। मगर अमेरिका, ब्रिटेन आदि सुरक्षा परिषद में दबदबा रखने वाले देश अपने निजी स्वार्थों और आर्थिक समीकरणों के तहत चुप्पी साधे हुए हैं। पहले गाजा पट्टी में इजराइल ने हजारों बेकसूर लोगों को मार डाला, लाखों घर ध्वस्त कर दिए, अब वही काम लेबनान में कर रहा है। वहां के आम लोगों की जिंदगी सांसत में है। आखिर उसे मानवता का तकाजा कौन याद दिलाएगा।

# सितारगंज सिडकुल से बिज्टी तक फोर लेन सड़क के लिए सर्वे

## गजट नोटिफिकेशन के लिए सड़क के बीच से 75 फिट तक चिन्हीकरण कार्य

-हनीफ बाबा-

सितारगंज। सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो जल्द सितारगंज, सिडकुल से बिज्टी तक 23 किमी की सड़क को भविष्य में फोर लेन निर्माण के लिए चौड़ा किया जा सकता हैं। गजट नोटिफिकेशन के लिए लोक निर्माण विभाग ने वर्तमान में स्टेट हाईवे वाली सड़क के मध्य से 75 फीट दूरी तक सरकारी संपत्तियों का सर्वे शुरू कर दिया है। सर्वे रिपोर्ट के बाद भविष्य में फोर लेन निर्माण की कवायद शुरू हो सकती हैं। औद्योगिक पार्क की स्थापना के बाद सिडकल में छोटी बड़ी 150 से अधिक फैक्ट्रियां उत्पादन कर रही हैं। जिस वजह से सिडकल रोड में छोटे-बड़े भारी वाहनों की संख्या दस गुना बढ़ गई है। सिडकल रोड में ही नंधौर और उकरोली खनन के गेट होने के कारण लगभग 5000 डंपर, ट्रैक्टर ट्रालियों का आवागमन रहता हैं। स्टेट हाईवे की चौड़ाई 21 फिट होने के कारण सिडकल रोड में हमेशा सड़क दुर्घटनाओं और जाम के हालात बने रहते हैं। बताया जाता है कि सिद्धपुर रोड में रोजाना 25 हजार भारी, हल्के वाहनों का आवागमन रहता



हैं। सड़क दुर्घटना को रोकने और सुरक्षित यातायात को ध्यान में रखते हुए सिडकल रोड के स्टेट हाईवे को नेशनल हाईवे में परिवर्तित करने की कवायद शुरू हुई हैं। प्रथम चरण में लोक निर्माण विभाग के अफसर सिडकुल से नकुलिया चौक, खटीमा चौक, बिज्टी तक 23 किमी के दायरे में आने वाली सरकारी संपत्तियों का सड़क के बीच से 75 फीट तक सर्वे करने में लगे हुए हैं। फोर लाइन निर्माण से पूर्व गजट नोटिफिकेशन के लिए संपत्तियों के सर्वे की प्रक्रिया की जा रही है। सर्वे की प्रक्रिया पूरी होने के बाद फोर लाइन का निर्माण पीपीडी मोड पर भविष्य में किया जा सकता है। लोक निर्माण विभाग के जेई सतपाल सिंह ने बताया कि गजट नोटिफिकेशन से पूर्व सरकारी संपत्तियों का सिडकुल से बिज्टी तक 23 किमी दायरे में सर्वे किया जा रहा है।

### फोर लेन निर्माण से किसानों, उद्यमियों को होगा लाभ

सितारगंज। स्टेट हाईवे सिडकुल मार्ग का फोर लेन निर्माण होने से उद्यमियों के साथ ही किसानों को भी लाभ होगा। नेशनल हाईवे का निर्माण होने से किसने की जमीनों के दाम आसमान छूने लगेंगे। वही चोरी सड़क का निर्माण होने से उधमियो को फैक्ट्री संबंधित कच्चा, तैयार माल ट्रांसपोर्ट के लिए समय के साथ ही पैसे की बर्बादी कम होगी।

### सड़क हादसों पर लगेगा अंकुश

सितारगंज। सिडकुल रोड कंचन होने के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं सामने आती है। खनन के गेट खुलने के बाद मार्ग में वाहनों की संख्या 4 गुना बढ़ जाती है। जिस वजह से आए दिन सिडकल रोड पर सड़क हादसे होते रहते हैं। फोर लेन निर्माण के बाद सिडकल रोड में सड़क हादसों पर काफी हद तक अंकुश लग सकता है।

# मंडी परिषद अध्यक्ष अनिल ने किया मंडी का निरीक्षण

रामनगर (उद संवाददाता)। मंडी परिषद अध्यक्ष डॉ अनिल कपूर डब्बू ने मंडी का निरीक्षण किया। जिसमें किसान बाजार के ले आउट के लिए मौका मोआईना करते हुए सहायक अभियंता ऐके सिंह को किसान बाजार की 50 दुकानों का कार्य गति के साथ करने को कहा तथा मंडी में स्थित पुलिस चौकी को स्थानांतरण करने के निर्देश दिए। श्री डब्बू ने बताया कि मंडी के दोनों गेट का सौंदर्यकरण किया जाएगा तथा हाईटेक कैंटीन बनाई जाएगी। टीन शेड में स्ववित्त पोषित में दुकानों का निर्माण किया जाएगा। जिसमें दुकान विहीन लाइसेंस को दुकान आवंटित की जाएगी व मंडी में अवशेष सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर मंडी सचिव सहील अहमद, भाजपा नेता व व्यापार मंडल अध्यक्ष रामनगर विपिन कांडपाल, हेमंत बिष्ट, हरीश बेलवाल ,नरेंद्र प्रकाश पंत, दीपक पाठक, हेम बोर, विकास सक्सेना आदि लोग मौजूद रहे।



# पारिवारिक चिकित्सा एवं प्राथमिक देखभाल पर राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न

देहरादून/ऋषिकेश(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने रविवार को एम्स ऋषिकेश में पारिवारिक चिकित्सा एवं प्राथमिक देखभाल पर 6वें राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। दो दिवसीय इस राष्ट्रीय सम्मेलन में देश भर के डॉक्टर्स ने विभिन्न सत्रों में आयोजित चर्चाओं में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने सराहनीय सेवाएं देने वाले डॉक्टर्स को सम्मानित किया और इस सम्मेलन की स्मारिका का भी विमोचन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि 'पारिवारिक चिकित्सा एवं प्राथमिक देखभाल' स्वास्थ्य सेवाओं की आधारशिला है। पारिवारिक चिकित्सक परिवार के सभी सदस्यों की स्वास्थ्य स्थिति को समझकर बेहतर इलाज प्रदान कर सकते हैं। पारिवारिक चिकित्सा केवल रोग के





इलाज तक सीमित नहीं होती, बल्कि स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने और रोकथाम पर भी ध्यान देती है। बढ़ती हुई बीमारियों के दौर में इलाज की आवश्यकता कम, बचाव एवं काउंसिलिंग की जरुरत ज्यादा है। कोई भी परिवार या व्यक्ति अपने खान-पान, तनाव, घरेलू हिंसा, परेशानी, व्यक्तिगत परेशानियों के बारे में पारिवारिक चिकित्सक की सलाह लेना पसंद करते हैं। इसलिए फैमिली मेडिसिन और प्राइमरी केयर चिकित्सकों की अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अगर हमारे डॉक्टर्स जनसमुदाय के बीच में जाकर समाज और परिवार की सतत निगरानी और काउंसिलिंग करें तो शायद बीमारियां अपना खतरनाक रूप ले ही नहीं पाएंगी और बीमारी बढ़ने से पहले ही ठीक हो जाएगी। आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता की कमी के कारण लोग गंभीर अवस्था में ही चिकित्सकों के पास जाते हैं। प्राथमिक देखभाल को मजबूत करने से विशेषकर ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ेगी। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं मिलें। उन्होंने डॉक्टर्स से दूरस्थ क्षेत्रों में रह रहे लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पहुंचाने का आह्वान किया। राज्यपाल ने एम्स, ऋषिकेश की निदेशक प्रो0 मीनू सिंह के निर्देशन में चल रहे फैमिली मेडिसिन एवं सोशल आउटरीच सेल के द्वारा उत्तराखण्ड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में अभी तक 1.5 लाख से अधिक मरीजों को डोरस्टेप केयर दिए जाने और गांव एवं मलिन बस्तियों में कम्युनिटी वेलनेस कार्यक्रम एवं सुदूरवर्ती क्षेत्रों में टेलीमेडिसिन एवं ड्रोन के जरिए सुविधाएं प्रदान किए जाने के लिए सराहना की। सम्मेलन में उपस्थित परमार्थ निकेतन के प्रमुख चिदानंद सरस्वती ने भी अपने विचार रखे और कहा कि परिवारों को अपनी पुरातन संस्कृति से जोड़ना जरूरी है। उन्होंने कहा कि मेडिसिन के साथ-साथ मेडिटेशन जरूरी है। इस अवसर पर अध्यक्ष एकेडमी ऑफ फैमिली फिजीशियन ऑफ इंडिया डॉ रमन कुमार ने भी अपने विचार रखे। एम्स निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने देशभर से आए डॉक्टर्स का स्वागत करते हुए इस सम्मेलन को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सम्मेलन के संयोजक डॉ संतोष कुमार, डीन अकादमिक एम्स प्रो. जया चतुर्वेदी सहित अनेक डॉक्टर्स मौजूद रहे।

# जन भावनाओं के अनुरूप भू-कानून लागू होगा : उनियाल

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के भू-कानून की दिशा में लिए गए निर्णय के बाद प्रदेश में अवैध रूप से जमीनों की खरीद फरोख्त करने वालों के विरुद्ध उत्तराखण्ड सरकार द्वारा कार्रवाई तेज कर दी गई है।इस सम्बन्ध में आज वन मंत्री श्री सुबोध उनियाल ने भू कानून को लेकर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार भू-कघनून को लेकर गंभीर है। जिन लोगों ने भी यहाँ भूमि खघरीदी और उसका उपयोग उस प्रयोजन हेतु नहीं कर रहे हैं जिस प्रयोजन हेतु भूमि क्रय की है उनके विरुद्ध कार्यवाही करते हुए भूमि को राज्य सरकार में निहित किया जाएगा।श्री सुबोध उनियाल ने कहा कि एक परिवार में 250 वर्ग मीटर से ज्यादा भूमि खघरीद कर जिन्होंने नियमों का उल्लंघन किया है, उनकी भी अतिरिक्त जमीन राज्य सरकार में निहित की जाएगी। उन्होंने कहा कि भू-कघनून में जो भी सुधार राज्य हित में अपेक्षित होंगे वह सभी प्रयास किए जाएंगे लेकिन इसके लिए प्रदेश के नागरिकों को भी जागरूक होकर सरकार का सहभागी बनना होगा।वन मंत्री ने कहा कि समस्त प्रदेशवासी अपने पैतृक भूमि को संरक्षित करें और उसकी बिक्री ना करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूर्व में भू-कानून में जो भी ऐसे संशोधन हुए हैं, और उनसे अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं हुए हैं, जन भावनाओं के अनुरूप उनमें भी संशोधन करने से पीछे नहीं हटा जाएगा। भू-कानून को लेकर मुख्यमंत्री द्वारा कई स्तर पर कार्यवाही करने और अगले बजट सत्र में राज्य की जन भावनाओं के अनुरूप भू-कानून लागू करने दिशा में निर्णय लिया गया है। राज्य सरकार ने सुभाष कुमार समिति का गठन किया है, इसके साथ ही भू-कानून का ड्राफ्ट तैयार करने के लिए मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में गठित समिति सुझावों का अध्ययन कर लागू करने के लिए बैठकें कर के इसको अंतिम रूप दे रही है।

# थैंक यू नेचर अभियान का अनुसरण करने का आह्वान

देहरादून। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 114वें संस्करण में जनपद उत्तरकाशी के सीमावर्ती क्षेत्र के झाला गाँव के युवाओं द्वारा स्वच्छता के लिए संचालित धन्यवाद प्रकृति अभियान का उल्लेख करते हुए इस खास पहल की सराहना की है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने भी प्रधानमंत्री जी के मन की बात कार्यक्रम में राज्य के उत्तरकाशी के सीमावर्ती गाँव झाला का जिक्र होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि झाला गांव के युवाओं ने अपने गाँव को स्वच्छ रखने के लिए एक खास पहल शुरू की है। वे अपने गाँव में धन्यवाद प्रकृति अभियान चला रहे हैं। यह स्वच्छता के क्षेत्र में एक सराहनीय पहल



है।धन्यवाद प्रकृति अभियानष के तहत झाला गाँव में रोजाना दो घंटे सफाई की जाती है। गाँव की गलियों में बिखरे हुए कूड़े को समेटकर, उसे, गाँव के बाहर तय जगह पर डाला जाता है। इससे गाँव भी स्वच्छ हो रहा है और लोग जागरूक भी हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा शुरू किए गए इस लोकप्रिय कार्यक्रम को 10 वर्ष पूर्ण होने वाले हैं और पिछले एक दशक में करोड़ों की संख्या में देशवासी इस कार्यक्रम से जुड़े हैं। आज के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी ने क्रिएट इन इंडिया, मेक इन इंडिया, स्थानीय उत्पादों के प्रयोग एवं उनके प्रचार-प्रसार जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि ( थैंक यू नेचर) अभियान अत्यंत सराहनीय एवं अनुकरणीय है, साथ ही उन्होंने समस्त प्रदेशवासियों से अपील किया कि आप भी इस अभियान से जुड़कर अपने क्षेत्र को स्वच्छ बनाएं एवं प्रकृति के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करें।

# राष्ट्रीय मानव अधिकार एंड एंटी करप्शन फोर्स ने किया पौधारोपण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय मानव अधिकार एंड एंटी करप्शन फोर्स के द्वारा डीके पार्क में पौधारोपण किया गया। शारिफ खान ने बताता कि पहले भी राष्ट्रीय मानव अधिकार ने पौधारोपण किया है और आगे भी पौधारोपण किया जाएगा जिसे हमारे शहर में शुद्ध हवा मिलती रहे। हमारे महापुरूषों ने बहुत सारे पेड़ पौधे लगाए थे आज उन पेड़ पौधों की हवा हम ले रहे हैं और हमने जो आज पौधारोपण किया है आने वाले समय में काफी लोग उसकी हवा शुद्ध लेंगे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव शारिफ खान, चम्पा त्रिपाठी, प्रदेश मिडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण, जिला अध्यक्ष अशोक कश्यप, नगर अध्यक्ष दौलत सिंह सैनी, राजकुमार निवेश, सायमा सिद्दीकी आदि लोग मौजूद थे।



# बजरंग दल की नवनियुक्त कार्यकारिणी का स्वागत

गदरपुर (उद संवाददाता)। स्थानीय शिव पार्वती मंदिर आवास विकास गदरपुर में भारतीय बजरंग दल की नगर कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। भारतीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष डॉक्टर पुष्पेंद्र कश्यप ने प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर आर के महाजन की संस्तुति पर स्थानीय शिव पार्वती मंदिर में एक बैठक में नगर कार्यकारिणी की घोषणा की। बैठक में सचिन बठला नगर अध्यक्ष, विवेक शर्मा नगर उपाध्यक्ष, जयप्रकाश चंद्रा नगर मंत्री, राहुल कश्यप वार्ड अध्यक्ष वार्ड नंबर 4, सुभाष वाधवा वार्ड अध्यक्ष वार्ड नंबर 5, मनोज कुमार वार्ड अध्यक्ष वार्ड नंबर 6 नियुक्त किए गए। सभी नवनियुक्त पदाधिकरियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष डॉक्टर पुष्पेंद्र कश्यप ने सभी नवनियुक्त पदाधिकरियों को शुभकामनाएं दी। नवनियुक्त नगर अध्यक्ष सचिन बठला ने पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया व प्रतिज्ञा की कि एक माह के भीतर सभी 11 वार्डों में इकाइयां गठित कर ली जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट शिव शंकर चावला ने की। इस अवसर पर डॉ. आरके महाजन, डॉ. पुष्पेंद्र कश्यप, विक्रम सैनी, राजकुमार नैय्यर, विवेक शर्मा, जयप्रकाश चंद्रा, राहुल कश्यप, मनोज कुमार, सुभाष वाधवा, कुंवर सिंह, जयप्रकाश, अमित सिंह, रंजीत सैनी अजय रावत व राकेश भुड्डी, पंडित बाबूराम शर्मा सहित बड़ी संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# वृद्ध मां को अकेला छोड़कर फरार हुआ कलयुगी पुत्र

रूद्रपुर। अजनबी शहर में वृद्ध मां को एक युवक अकेला छोड़कर फरार हो गया। युवक के नहीं लौटने पर वृद्ध मां का रो रोककर बुरा हाल हो गया। जानकारी मिलनी पर महिलाओं की सामाजिक संस्था वीरांगना ग्रुप ने वृद्धा को हल्द्वानी स्थित वृद्धा आश्रम पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंजाब से मां के साथ आये एक युवक ने आदर्श कालोनी में किराये का एक कमरा लिया और कुछ काम से जाने के बहाने वहां से फरार हो गया। मां इंतजार करती रही लेकिन बेटा नहीं लौटा। जिससे वृद्धा जसप्रीत कौर का रो रोकर बुरा हाल हो गया। वृद्धा के पास न तो खाने के लिए पैसे थे और न हीं उसके पास पहनने के कपड़ों के अलावा कोई सामान था। महिला के बारे में जानकारी मिलने पर वीरांगना ग्रुप की अध्यक्ष रेनू अरोरा, उर्वशी गावा आदर्श कालोनी में महिला के पास पहुंची। उन्होंने महिला से उसके घर और परिवार के बारे में जानकारी लेनी चाहिए लेकिन वह कुछ नहीं बता पायी। महिला के पुत्र के मोबाइल पर फोन किया तो उसका फोन बंद था। जिस पर वीरांगना ग्रुप ने मामले में युवक के खिलाफ शिकायत पुलिस को दी। लेकिन तीन दिन बीनते के बाद भी पुलिस ने मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। जिस पर वीरांगना ग्रुप की महिलाएं जसप्रीत कौर को हल्द्वानी स्थित आश्रय सेवा समिति के वृद्ध आश्रम में छोड़ आयी।

# वैदिक मंत्रोचार के साथ पायते वाली रामलीला का शुभारंभ

काशीपुर। शहर की प्रसिद्ध पायते वाली रामलीला के मंचन का शुभारंभ बीतीं रात हो गया। 115 सालों से लगातार होने वाली इस रामलीला का शुभारंभ भाजपा विधायक त्रिलोक सिंह चीमा तथा पूर्व मेयर ऊषा चौधरी के साथ अन्य गणमान्य लोगों ने वैदिक मंत्रोच्चार तथा विधिवत् पूजा अर्चना के साथ किया। सर्वप्रथम सरस्वती वंदना के बाद नारद मोह और मनु शत्रुपा के मंचन के साथ पायते वाली रामलीला का शुभारंभ पं. रविंद्र नगर और महेश आनंद शास्त्री ने पूजा-अर्चना के साथ कराया। श्री रामलीला कमेटी के पदाधिकारी मनोज अग्रवाल ने बताया कि पिछले 115 सालों से रामलीला का मंचन होता आ रहा है जिसे देखने के लिए काशीपुर के आसपास के लोग आते हैं। इस बार रामलीला का मंचन पद्म विभूषण से सम्मानित और पूर्व विधायक स्व. रामस्वरूप शर्मा के सुपौत्र राम बल्लभ शर्मा की श्री कृष्ण लीला संस्थान वृन्दावन से आये कलाकारों की टीम के द्वारा किया जाएगा। इस बार विजयादशमी के पर्व पर रावण और मेघनाद के 55 फीट की ऊंचाई वाले पुतले बनवाए जाएंगे तो वहीं इस दौरान आतिशबाजी तथा अग्निबाण और उनके संचालन व्यवस्था दर्शनीय होगी। इसका समापन दशहरे वाले दिन रावण दहन के साथ होगा

# मांगों को लेकर ठेकेदारों ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ठेकेदार युनियन ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर मुख्य विकास अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। ठेकेदार यूनियन रूद्रपुर से जुड़े दर्जनों ठेकेदारों ने मांगों पर कार्यवाही नहीं होने के विरोध में विरोध प्रदर्शन करते हुए आवाज बुलंद की और सीडीओ को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। ठेकेदारों का कहना था कि लगभग तीन माह से पूरे प्रदेश में ठेकेदार संगठन



निविदाओं का बहिष्कार कर रहा है। इस सम्बंध में प्रमुख अभियंता से कई दौर की वार्ता हो चुकी है लेकिन ठेकेदारों की समस्याओं पर कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया है। जिलाधिकारी को भी समस्याओं को लेकर ज्ञापन दे चुके हैं लेकिन अभी तक शासन प्रशासन से कोई निर्णय नहीं लिया गया है। ठेकेदारों ने सीडीओ से समस्याओं के निराकरण की मांग की। ज्ञापन देने वालों में राजेश कामरा, मोनू, पूरन सिंह, नरेन्द्र सिंह बरार, बीजी गोस्वामी, जयदेव आदि सहित कई ठेकेदार थे।

# तेंदुए ने किसान पर हमला कर किया जख्मी, अस्पताल में भर्ती

जसपुर। जसपुर में खेत से घर लौट रहे बाइक सवार किसान पर तेंदुए ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों ने घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। पतरामपुर नई बस्ती निवासी सोहन सिंह (48) शुक्रवार की शाम बाइक से खेत से घर आ रहा था। रास्ते में गांव के निकट झाड़ियां से निकले तेंदुए ने हमला कर बाइक सवार किसान को गिरा दिया। इस बीच किसान को खींचकर गन्ने के खेत में ले जाने लगा। किसान के शोर मचाने पर ग्रामीण और खेतों पर काम कर रहे लोग घटनास्थल की ओर दौड़े। ग्रामीणों को आता देख तेंदुआ किसान को छोड़कर गन्ने के खेत में चला गया। ग्रामीण एवं परिजनों ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने उपचार कर शनिवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी। उधर, ग्रामीणों ने बताया कि कई दिन से तेंदुआ गांव के आसपास मंडरा रहा है। इसके कारण महिलाओं और बच्चों ने खेतों पर जाना छोड़ दिया है। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से पिंजरा लगाने की मांग की है।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिलेखों में मेरा नाम श्रवण कुमार (SHARAVAN KUMAR) भूलवश गलत दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम श्रवण कुमार (SHRAVAN KUMAR) है। अत: मुझे श्रवण कुमार (SHRAVAN KUMAR) के नाम से ही जाना पहचाना जाए।

SHRAVAN KUMAR S/O NARENDRA KUMAR
निवासी अमरपुरी गुमछैया, गदरपुर
(उधम सिंह नगर)

# पत्रकार से मारपीट के विवाद में कई छात्रों ने किया जमकर हंगामा

हल्द्वानी में शनिवार को एमबीपीजी कॉलेज गेट के बाहर पत्रकार से की गई मारपीट के आरोप में छात्रों पर लगाए गए मुकदमे वापस लिए जाने की मांग को लेकर आज छात्रों में आक्रोश दिखा। बड़ी संख्या में एबीवीपी से जुड़े छात्र संगठन के लोग कोतवाली पहुंचे और हाईवे जाम कर दिया। यहां करीब आधे घंटे तक यातायात बाधित रहा। बता दें कि शनिवार को एबीवीपी से जुड़े छात्र नेताओं ने पहले परिवर्तनकामी छात्र संगठन के साथ मारपीट की। परिवर्तन कामी छात्र संगठन से जुड़े छात्र शहीदे आजम भगत सिंह का कार्यक्रम कर रहे थे। एबीबीपी से जुड़े छात्रों ने उनके साथ मारपीट की। एक अखबार का पत्रकार उनकी वीडियो बनाने लगा। इस दौरान छात्रों ने पत्रकार के साथ मारपीट की उसका मोबाइल और चश्मा लूट लिया। बाद में मोबाइल तोड़ दिया। उसकी तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपी छात्रों के खिलाफ लूट सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। इससे कुछ गुस्साए छात्रों ने रविवार को कोतवाली में प्रदर्शन किया और नेशनल हाईवे जाम कर दिया।






# मारपीट के आरोप में फ्लोर मिल के मालिक और बेटे पर केस दर्ज

रुद्रपुर। फ्लोर मिल के मालिक और उनके बेटे पर लेनदेन के विवाद में कारोबारी की डंडे और बेल्ट से पिटाई करने का का आरोप लगा है। पुलिस ने पिता-पुत्र सहित अन्य पर केस दर्ज किया है। खटीमा के भूड़ महोलिया निवासी कार्तिक अग्रवाल ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि उनका द्वारिका फ्लोर मिल लालपुर में रुपयों का लेनदेन था। 27 सितंबर को वह अपने चालक के साथ मिल पहुंचे। मिल के ऑफिस पर उसके मालिक बलराम अग्रवाल और अमन बैठे थे। आरोप है कि ऑफिस में उनके ब्रोकर पंकज के साथ बातचीत होने के बीच में ही बलराम अग्रवाल और उनके पुत्र अमन ने उनको मारना शुरू कर दिया। दोनों उसे धक्का मारते हुए ऑफिस के बाहर ले आए। इसके बाद आरोपियों ने अपने स्टाफ के साथ बेल्ट और डंडे से उसे पीटा। जान से मारने के साथ ही उनकी गाड़ी में आग लगने की धमकी भी दी गई। आरोपियों ने उनको रुपये देने से इन्कार कर दिया। पुलिस ने बलराम अग्रवाल, बेटे अमन और अज्ञात पर केस दर्ज किया है।

## पेज एक का शेष...

**सरकार के खिलाफ...**नेताओं के साथ पुलिस की तीखी नोंक झोंक भी हुयी। विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियों ने जिला प्रशासन और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जिला प्रशासन भाजपा सरकार के इशारे पर काम कर रहा है। कहा कि डीएम विकास विरोधी हैं जो कि सत्ता पक्ष के इशारे पर हल्द्वानी शहर का विकास रोक रही हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो चुकी है। अपराधियों में कानून का कोई खौफ नहीं है। भ्रष्टाचार चरम पर है। भाजपा के नेता सत्ता के नशे में चूर हैं। उनके पदाधिकारी लगातार दुष्कर्म के आरोप मे फंस रहे हैं, जबकि विधायक के भाई भी सत्ता की हनक दिखाने में पीछे नहीं हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रदेश में पुलिस प्रशासन की भी नेताओं के साठ गांठ से प्रदेश में अवैध वसूली और खुलेआम अवैध खनन, शराब माफियाओ और विभिन्न तरीकों से अवैध वसूली का धंधा जोरों पर है, किसी भी प्रकार की गलती नियमानुसार होने पर शिकायत पर अधिकारियों द्वारा कोई संज्ञान नही लिया जाता है जबकि जांच के बावजूद ऐसे अधिकारोयो को संरक्षण देने से भाजपा राज में भ्रस्टाचार का बोलबाला चरम पर है, जनता में सरकार की नीतियों और बढ़ते भ्रस्टाचार के प्रति आक्रोश है। विरोध प्रदर्शन में उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी, स्थानीय विधायक सुमित ह्दयेश, गोविंद कुंजवाल, गोविंद बिष्ट, हरीश पनेरु, राहुल छीमवाल गोविंद बगड़वाल सहित हजारों कार्यकर्ता थे। कांग्रेस की जन आक्रोश रैली को देखते हुए नैनीताल पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद की गयी। रैली को देखते हुए एक दिन पूर्व ही रूट डायवर्सन करने के साथ-साथ सभी पुलिस कर्मियों की ड्यूटी जगह-जगह लगा दी गई थी वहीं आज रैली में एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सीओ नितिन लोहनी, कोतवाल राजेश यादव ने मोर्चा संभालते हुए सुरक्षा व्यवस्था बनाई रखी।

**जनभावनाओं के साथ...**शिकायतें मुख्यमंत्री को प्रेषित की जाने लगी है। इस संबंध में राज्य आंदोलनकारी के एक प्रतिनिधि मंडल ने सीएम को अवगत कराया है कि राज्य में कुछ प्रॉपर्टी डीलर एससी, एसटी और ओबीसी तथा अन्य समाज की जमीन का सौदा पहले तो खुद कर रहे हैं और बाद में उसे दूसरे वर्ग के लोगों को बेच रहे हैं।जबकि गांव के लोग ऐसा नहीं चाहते। ग्रामीणों का कहना है कि गोलापार में ऐसी ही एक पूरी बस्ती बसा दी गई है।सीएम ने ग्रामीणों की इस शिकायत पर भी राजस्व सचिव को जांच करने के आदेश दिए हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने भू कानून बनाने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित प्रारूप समिति को भी तेजी से काम करने के निर्देश दिए हैं। समिति को हित धारकों की राय लेने के लिए भी कहा गया है

**हादसे में व्यापारी...**ने दोनों युवक को मृत घोषित कर दिया। कार चालक कार छोड़ मौके से फरार हो गया। सूचना पर पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। व्यापार मण्डल के भाई के निधन की सूचना पर तमाम व्यापारियों ने उनके घर जाकर शोक संवेदना प्रकट की है। मृतक सन्नी शादीशुदा था, जबकि सर्वेष वार्ड 5 गेस्ट हाऊस के पास दिहाड़ी मजदूरी का काम करता था।

**स्पा सेंटर...**अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर किया गया। इसके साथ पांच पीड़िताओं को वहां से मुक्त कराया गया। गिरफ्तार आरोपियों के नाम शोभा रानी निवासी कांवली रोड, विजय कुमार गुरुंग निवासी क्लेमेंटटाउन, मोहम्मद शादाब निवासी गंदेवाड़ा, सहारनपुर और मोहम्मद अमजद निवासी छुटमलपुर सहारनपुर हैं। सभी को सोमवार को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजने की कार्रवाई की गयी।

**महिला को सरेआम...**29सितम्बर को सुबह करीब 11 बजे पिंकी मेन गेट पर ईट पत्थर मार रही थी। जिसके बाद प्रार्थिनी की नन्द शारदा ने गेट खोला तो पिंकी उसको बुरी तरह मारने लगी शारदा ने मौके पर गेट बन्द कर लिया अन्दर से कुन्डी लगा दी। जिसके बाद अपने भाई सोनू को फोन किया भाई सोनू घर से 20 मीटर पीछे था। तभी पिंकी ने सोनू के उपर हमला कर दिया। उसके बाद नन्द शारदा अपने भाई सोनू को बचाने लगी तो पिन्की शारदा को भी मारने लगी। पूजा ने बताया कि जब जब अपनी नन्द शारदा को बचाने लगी तो पिन्की की बहन सुमन व उसकी माँ उर्मिला, पिता सोमपाल व 3 से 4 अज्ञात इनके रिश्तेदारों ने उसके उपर हमला कर दिया। बाल पकड़कर जमीन पर गिराकर बुरी तरह पेट में लातें मारी। किसी तरह नन्द व देवर को आस पडोस के लोगों ने बचाया वरना उक्त लोग जान से मार देते। उक्त घटना घर के बाहर लगे सीसी कैमरे में कैद हो गई जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**नशीला पदार्थ..**पदार्थ बेच रहे थे जिसका उसने विरोध किया तो दोनों ने मिल कर गाली-गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में उसका एक दांत टूट गया तथा कई जगह चोटें भी आई है। हमलावरों ने धमकी देते हुए कहा कि अगर कहीं भी शिकायत की तो जान से मार देंगे। पीड़ित ने हमलावरों से जान माल का खतरा बताते हुए कार्यवाही की गुहार लगायी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**वारंटी के पते..**2017 में रामनगर डिवीजन के फतेहपुर वन रेंज से तस्करों ने पेड़ काटे थे। जिनमें चार तस्करों को वन विभाग ने गिरफ्तार किया था और उनकी बाइक ट्रैक्टर ट्रालियों को भी बरामद किया था। बरामद वाहनों के रजिस्ट्रेशन नंबरों के आधार पर युवक को तस्करी के मामले में नामजद किया गया है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व० तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड, रुद्रपुर, ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड) से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com, www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# जिला स्तरीय जु-जित्सू प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाए जौहर

## जनपद के 197 खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्गों के इवेंट्स में जीते पदक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला जु–जित्सू एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के तत्वावधान में श्री मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम, रुद्रपुर में अयोजित हुई एक दिवसीय जिला स्तरीय जु–जित्सू प्रतियोगिता 2024 का समापन रविवार को हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला क्रीड़ा अधिकारी ऊधम सिंह नगर जानकी कार्की व विशिष्ठ अतिथि जीआरडी इंटरनैशनल स्कूल रूद्रपुर के वाइस चेयरमैन सतनाम चावला, जिला जुखजित्सू संघ के उपाध्यक्ष जॉनी हिराम तिग्गा, महासचिव सेंसेई ऋषि पाल भारती, कोषाध्यक्ष किशोर सिंह, कमल सिंह द्वारा संयुक्त रूप से सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि 'अच्छा स्वास्थ्य एवं अच्छी समझ जीवन के दो सर्वोत्तम वरदान हैं।' इन दोनों की प्राप्ति के लिए जीवन में खिलाड़ी की भावना से खेल खेलना आवश्यक है। खेल खेलने से मनुष्य को संघर्ष करने की आदत लगती है। जिला जु–जित्सू संघ के महासचिव ऋषि पाल भारती ने कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि





एवं अन्य अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया। और सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए महासचिव ऋषि पाल भारती ने बताया कि प्रतियोगिता में संपूर्ण जनपद से 197 खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्गो सब जूनियर, कैडेट, जूनियर एवं एडल्ट्स की विभिन्न स्पर्धाओं में प्रतिभाग कर पदक जीते। समापन अवसर के मुख्य अतिथि जैन ग्लोबल स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक गुप्ता ने सभी विजेता खिलाड़ियों पदक एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 30 स्वर्ण पदक जीत कर रुद्रपुर की टीम ने प्रथम स्थान, 17 स्वर्ण पदक प्राप्त कर नानकमत्ता टीम ने द्वितीय स्थान, एवं 13 स्वर्ण पदक प्राप्त कर किच्छा की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में ऑफिशल्स की भूमिका में टेक्निकल रैफरी कमल सिंह, जयप्रकाश, हिमा भट्ट, गंगा मेहरा, आकृति कौर, रूणु, एवं मंच संचालन भूमिका में सारा जीना शामिल रहे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर जुखजित्सू एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की प्रदेश अध्यक्षा श्रीमती रसिका सिद्दीकी, महासचिव विनय जोशी, जिला जुखजित्सू एसोसिएशन के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, देवेंद्र रावत, विनोद लखेरा सहित संयुक्त रूप से सभी ने आयोजकों को बधाई देते हुए प्रशंसा की। इस अवसर पर शोभा तिग्गा, कृष्ण साना, कृष्ण आनंद, विक्रम सिंह, मिंटू सैनी, अजय शर्मा, दीप तिवारी, नरेंद्र सिंह, बलविंदर सिंह, गुलशन कुमार, मिंकु ठाकुर संजीव, सहित अन्य अभिभावक गण मौजूद रहे। प्रतियोगिता के सब जूनियर बालिका वर्ग जुजित्सू फाइटिंग इवेंट में दक्षता डांगी, यशिका शर्मा, सृष्टि जोशी, सहजप्रीत कौर, एंजल गंगवार, एकता सिंह, पलक पाल, अंशिका शर्मा, लक्ष्मी, आयुषी जोशी, अनुष्का राणा, सृष्टि वशिष्ठ ने स्वर्ण पदक, दित्या, शिवानिया, दक्षिता, एकमप्रीत कौर, रिद्धिमा, तन्नू, स्तुति ने राहत पदक। बानी कौर, रानी, हर्षिता, साक्षी, लवली, अनन्या, आस्था, स्वास्ति ने कांस्य पदक प्राप्त किए। जूनियर बालिका वर्ग में नंदनी सागर, साक्षी पंत, तनु, स्मृति, बबिता, रश्मि, सोनम, आस्था राणा ने स्वर्ण पदक, कशिश, पिंकी, महक, रिद्धिमा, मोनिका, खुशबू, आस्था पाल ने रजत पदक, अंजली, हरमनदीप, प्रिया रावत, खुशबू भारद्वाज, संगीता ने कांस्य पदक प्राप्त किया। सीनियर महिला वर्ग में शिवानी, साबिया, कौशल्या गुप्ता, कंचन बसेरा, प्रीति ने स्वर्ण पदक, काजल, ममता, कताक्षा कौर, प्रिया, आकृति कौर ने रजत पदक, लोरी ने कांस्य पदक प्राप्त किया। सब जूनियर बालक वर्ग जुजित्सू फाइटिंग इवेंट में दर्शित अग्रवाल, हर्षवध 'न, मनन अटवाल, उत्कर्ष, विराट, मयंक दानु, निशांत पांडे, नमिश, भास्कर, प्रज्ञान बिष्ट ने स्वर्ण पदक, अर्जुन, चिराग, आरव कुमार, आरव चंदेल, कार्तिके अग्रवाल, शिवांश, दीपांक मिश्रा, रुद्रांश, अंश, ने रजत पदक, अर्जुन, आरव, भारत, सुभजीत, आरुष, रौनक, अनमोल, गुरबक्ष, नक्ष, अदनान, रोहन कुमार, कृष्ण कक्कड़, गुरुराज सिंह, देवस्य, हितेश, समर्थ ने कांस्य पदक जीते। जूनियर बालक वर्ग एवं सीनियर पुरुष वर्ग में धीरज थापा, अमन सिंह, रोहित भट्ट, करमजीत, विराज, रौनक, मिंकु, मनी, गुलशन कुमार, नरेंद्र ने स्वर्ण पदक, अर्पण, विसान, आयुष भट्ट, अजय ने रजत पदक, ओमकार, तन्मय, आरव, तरुण, किशोर विश्वास, प्रिंस सिंह ने कांस्य पदक जीते।

# शिविर में 370 लोगों ने करायी जांच

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।काया आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज का निःशुल्क विशाल चिकित्सा शिविर, रनीबाग के



जनमिलन केंद्र में सम्पन्न हुआ जिसमें 370 रोगियों की जाँच, परामर्श एवं निःशुल्क दवाईयां दीं गई। इस आशय की जानकारी कॉलेज के प्राचार्य एवं चिकित्सा अधीक्षक प्रो. डॉ विनय खुल्लर ने दीं। शिविर का शुभारम्भ ग्रामप्रधान प्रतिनिधि महेश सिंह भंडारी,सचिन शाह,चेयरमेन अशोक पाल, प्राचार्य प्रो. डॉ विनय खुल्लर, पराजकॉय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्कूल प्राचार्य निरंजन पांडेय घनश्याम तिवारी ने रिबन काट के किया। डॉ खुल्लर ने बताया शिविर मे शुगर, एएच बीएसी,ब्लड प्रेशर, ई सी जी, निःशुल्क परामर्श , डॉ स्वाति भट्ट, डॉ प्रीती तिवारी, डॉ नेहा उपाध्याय, डॉ कल्पना, डॉ हरिशंकर ने दिया। शिविर में 25 प्रति गठिया रोगी, 20प्रतिशत शुगर एवं ब्लड प्रेशर, 15प्रतिशत त्वचा रोगी, 5प्रति0 हृदय रोगी, 15 प्रति0पेट के रोगी, शेष सामान्य रोगी थे। काया कॉलेज के डायरेक्टर अशोक पाल ने कहा भविष्य मे भी जनहित मे ऐसे चिकित्सा शिविरो का आयोजन करते रहेंगे।शिविर मे मनीषा ने शुगर जाँच क, अंकिता जोशी, हिताक्षी, हेमा, सपना,उदित् चौधरी, भावेश गिरी, ललित मोहन बिस्ट, चंचल पांडेय, रीना बिस्ट, प्रेमा भंडारी, नीता गोस्वामी, पलक बिस्ट, भुवन आर्य आदि ने सहयोग किया।

# अनाज मण्डी में श्री रामलीला का मंचन आज से

गदरपुर(उद संवाददाता)। अनाज मंडी श्रीरामलीला के शुभारंभ से पूर्व रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रविन्द्र बजाज ने सोमवार को पत्रकार वार्ता करते हुए बताया कि आज रात श्री रामलीला का शुभारंभ होगा। 12 अक्टूबर को दशहरा के साथ रामलीला का समापन होगा। उन्होंने बताया कि इस बार कई नए लोगों को भी रामलीला में किरदार निभाने का मौका दिया है। इस दौरान रविन्द्र बजाज द्वारा उन सभी लोगों को याद किया गया जिन्होंने श्रीरामलीला अनाज मंडी की नींव रखी थी और क्षेत्र की जनता को प्रभु श्रीराम के दिखाए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। वहीं रामलीला कमेटी के डायरेक्टर अशोक पोपली द्वारा गया कि रामलीला को पहले से ज्यादा रोचक बनाने के लिए अनेको पात्रों को बदला गया है वहीं व्यवस्था भी पहले से



बेहतर की जाएगी। कमेटी के महामंत्री अशोक धीर द्वारा बताया गया कि इस बार अनाज मंडी रामलीला अपने 70वें वर्ष में प्रवेश कर रही है उन्होंने क्षेत्र की जनता से अधिक से अधिक संख्या में अनाज मंडी रामलीला पहुंचने की अपील की है। इस दौरान कोषाध्यक्ष किशन अनेजा, सोमनाथ छाबड़ा, रमन छाबड़ा, सुभाष खुराना, अम्बर छाबड़ा, अजय खेड़ा, पारस धवन, निर्मल नारंग आदि लोग उपस्थित रहे।

# टैगोर नगर में पोषण मेले का आयोजन किया

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। महिला एवं बाल विकास परियोजना ने टैगोर नगर में पोषण मेले का आयोजन किया। इसमें महिलाओं की गोद भराई की रस्म अदा की गई। इस दौरान बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी शोभा जानौटी ने गर्भवती महिलाओ को स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, संतुलित आहार और कुपोषण की जानकारी दी। लिंग भेद को मिटाने के लिए ग्रामवासियों को प्रोत्साहित किया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने स्वनिर्मित मिट्टी के खिलौनों, शिक्षण सहायक



सामग्री, पौष्टिक आहार समेत कई व्यंजनों के स्टाल भी लगाए। क्षेत्रीय सुपरवाइजर मुजस्सीम रहमान ने भी अपने सम्बोधन में महिलाओ को जागरूक कर महत्वपूर्ण जानकारिया दी । इस मौके पर मंजू आर्य ,चंद्र, अनिमा, यशोदा, मेनका, गौरी,ममता, विमला दास,कमला आदि रहे।

# सुबोध शर्मा को मिला लोंगेस्ट पोएट्री वर्ड रिवाड्र्स सम्मान

गदरपुर(उद संवाददाता)। शहर के वरिष्ठ कवि सुबोध कुमार शर्मा शेरकोटी को गोला गोकर्णनाथ में लोंगेस्ट पोएट्री वर्ड रिवाड्र्स के सम्मान से सम्मानित किया गया।। यह सम्मान एक भव्य साहित्य कार्यक्रम व 150 घंटे अनवरत संचालित कवि सम्मेलन ,कार्यक्रम में भव्या फाउंडेशन सभागार के अंदर आयोजित कार्यक्रम व सम्मान समारोह में प्रदान किया गया । 29सितम्बर को 100घंटे पूर्ण हो चुके हैं।इसमें स्थानीय विद्वान कवि और बाहर से आये पूरे देश से 600 कवियों ने प्रतिभाग किया। इस




सम्मान के लिए सुबोध कुमार शर्मा शेरकोटी को साहित्य प्रेमियों व स्थानीय सामाजिक संगठनों व संस्थाओं ने अपनी शुभकामनाएं दीं हैं। शेरकोटी साहित्य श्रेत्र में गदरपुर का नाम विश्व पटल पर पहुंचाने कार्य कर रहे हैं।

